तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 22 मार्च 2025


नगर निगम द्वारा सफाई नहीं कराए जाने के कारण अरपा में जगह-जगह जलकुंभी नजर आने लगी है। इससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है।



# 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग, निगम ने चलाया 6 निर्माणाधीन स्थलों पर बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने तिफरा के डी-ब्लॉक में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने 6 से अधिक अवैध निर्माण स्थलों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बनाई गई सड़कें तोड़ी गईं और फेंसिंग हटाई गई। निगम के मुताबिक लोग यहां बिना अनुमति के मकान बना रहे थे। सभी अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी गई है। साथ ही उनकी निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली गई है।

तिफरा के डी-ब्लॉक में करीब 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी शिकायत भी लंबे समय से की जा रही थी। निगम के जोन क्र.01 एवं 02 वार्ड क्र. 04 एवं 07 के तिफरा और घुरु में पूरी कार्रवाई की गई। इसमें तिफरा के खसरा क्र.144 क्षेत्रफल 1.96 एकड़ भूमि स्वामी श्रीमती फुल बाई उर्फ पोखरा पति श्री कुपेन्द्र कश्यप, खसरा क्र. 152/1, 152/2 रकबा क्रमश 0.396, 0.397 हेक्टेयर एवं इससे लगी शासकीय भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसमें मुरूम डालकर सड़क का निर्माण किया जा रहा था। निर्माण सामाग्री एवं रोड में उपयोग होने वाले मुरूम, गिट्टी को रोड़ ध्वस्त कर जप्त कर लिया गया। इस प्रकार रमनदीप सलूजा पिता परमजीत सलूजा, ग्राम-घुरू खसरा क्र.304/1, 304/2, रकबा 0.304 हेक्टेयर, पर अवैध प्लाटिंग कर रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए मुरूम रोड़ को तोड़ा गया। इसके अलावा ग्राम-घुरू स्थित खसरा क्र.305 क्षेत्रफल लगभग 2.00 एकड़, गोल्डन एस.एस.कॉलोनी पर ताहिर खान, मनोज सोनी, सौकत अली एवं अन्य के द्वारा अवैध प्लाटिंग कर अवैध रूप से बिना अनुमति के भवन निर्माण किया जा रहा था जिसे नोटिस देकर तत्काल निर्माण कार्य को बंद कराया गया है। इसके साथ ही अवैध प्लाटिंग में निर्मित सड़क, नाली, बाऊण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही विजय राजपाल द्वारा बनाए गए सांई विहार कॉलोनी में शासकीय भूमि पर शुभेन्दु वर्मा, श्रीमती सुनीता पाठक,सुरजीत सिंह,रमाकांत मिश्रा, रमेश गिरी,श्रीमती गोदवारी गुप्ता सभी निवासी सांई विहार कॉलोनी यदुनंदन नगर तिफरा द्वारा बिना अनुमति मकान बनाया जा रहा था। इन पर भी कार्रवाई की गई है। निगम के अनुसार सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**तिफरा में निगम ने की कार्रवाई, सड़कें तोड़ी और बिल्डिंग मटैरियल जब्त किया**



### किसानों से एग्रीमेंट कर प्लाट काट रहे थे

ध्यान रहे कि तिफरा के डी-ब्लॉक में अधिकतर जमीन किसानों की है। दलालों ने किसानों से एग्रीमेंट कर अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी थी। लोग सस्ते प्लॉट के लालच में ले-आउट, डायवर्सन और कॉलोनाइजर लाइसेंस की जांच किए बिना प्लॉट खरीद रहे थे। इन प्लॉट्स पर मकान भी बनाए जा रहे थे। निगम ने सभी अवैध निर्माण पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही तिफरा के डी-ब्लॉक के अलावा साईं विहार गेट यदुनंदन नगर के पास भी अवैध प्लाटिंग कर मकान, बाउंड्री बनाई जा रही थी। नगर निगम अमले ने वहां निर्मित अवैध मकान, बाऊंड्री ढहा दी है।


निर्माण सामग्री जब्त करते निगम के कर्मचारी।

### रसूखदारों के खिलाफ कमजोर पड़ जाता है बुलडोजर

जानकारी के अनुसार, तिफरा डी ब्लॉक में हो रही अवैध प्लाटिंग की शिकायत सीधे नगर निगम कमिश्नर से की गई थी। इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग सेक्शन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि नगर निगम सीमा विस्तार के बाद इसमें शामिल नए पंचायत वार्डों में अवैध प्लाटिंग की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि कई मामलों में अभी भी कार्रवाई नहीं होने से निगम पर सवाल भी उठ रहे हैं। बिरकोना, बिजौर में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### भू माफिया सक्रिय

इसके साथ ही कोनी, बिरकोना, सकरी और बहतराई जैसे आउटर एरिया में भू माफिया सक्रिय हैं। यह लोग किसानों से उनकी जमीन का सौदा करने पहले अनुबंध करते हैं, फिर उसे छोटे छोटे भागों में विभक्त कर उसका विक्रय करते हैं। इससे जमीन दलाल बच जाते हैं और किसान और जमीन खरीदने वाले फंस जाते हैं। दलालों को जमीन बेचने वाले 32 किसानों को नगर निगम ने पहले भी नोटिस जारी किया है। इनसे जवाब मांग गया है, अन्यथा एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. प्रमोद तिवारी बनाए गए उपसंचालक

**बिलासपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जिले में पदस्थ सीएमएचओ डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी को उपसंचालक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के तौर पर पदस्थापना दी है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. तिवारी लंबे समय से सेवा दे रहे हैं।

### मौसम बदला, तापमान गिरा

**बिलासपुर।** मौसम ने अचानक पलटी मारते हुए अपना मिजाज बदल लिया है। हायतौबा गर्मी से लोगों को थोड़े समय के लिए ही सही लेकिन राहत मिल रही है। दरअसल प्रदेश से होकर गुजर रही द्रोणिका समुद्र तल से नमी ला रही है, इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो चुका है, जिसके चलते आसमान पर काले बादल छाने लगे हैं। अधिकतम तापमान में 5 डिग्री का गिरावट दर्ज की गई है।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को केन्द्र से 3 स्टार रेटिंग



**बिलासपुर।** सीवरेज परियोजना अंतर्गत दोमुहानी और चिल्हाटी एसटीपी को जल ही अमृत 2.0 द्वारा 3 स्टार रेटिंग प्रदान किया गया है और प्रोत्साहन स्वरूप दोनों एसटीपी के लिए 3 करोड़ की राशि दी गई है। इस राशि का उपयोग एसटीपी के बेहतर क्रियान्वयन और संसाधनों की स्थापना में किया जाएगा। परीक्षण में खरा उतरे इन दोनों एसटीपी के रखरखाव और उपचारित दूषित जल की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए चिल्हाटी एसटीपी को 1 करोड़ और दोमुहानी एसटीपी को 2 करोड़ रुपए दिया गया है।

**3 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिली**

- केंद्रीय शहरी मंत्रालय के जल ही अमृत 2 .0 द्वारा दी गई रेटिंग
- सुचारू संचालन और मानकों पर उतरा खरा, दो महीने पहले हुआ था दौरा

ध्यान रहे कि नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा सीवरेज परियोजना के अंतर्गत चिल्हाटी में 17 एम.एल.डी.क्षमता और दोमुहानी में 54 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. संचालित किया जा रहा है। केंद्रीय आवासीय एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जल ही अमृत 2.0 के केन्द्रीय अधिकारियों द्वारा भूमिगत सीवरेज परियोजनांतर्गत स्थापित व संचालित इन दोनों एसटीपी का विभिन्न मानकों के आधार पर परीक्षण किया गया था जिसमे 3 स्टार रेटिंग प्रदान किया गया है।

### गाइडलाइन के तहत राशि का उपयोग

प्राप्त प्रोत्साहन राशि का उपयोग आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय मिशन अमृत 2.0 जल ही अमृत द्वारा जारी गाइड लाइनों के तहत किया जाएगा,जिसके तहत ऊर्जा दक्षता उपाय और नवीकरणीय ऊर्जा पारिचालन लागत व कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ऊर्जा दक्षता उपायों की स्थापना, सौर पैनलों, बायो गैस संयंत्रों और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधानों की स्थापना होगी। इसके साथ ही बायो सालिड प्रबंधन कृषि व भूनिर्माण के लिए सुरक्षित उपयोगी उप-उत्पादों का उत्पादन करनें के लिए जैव ठोस उपचार प्रक्रियाओं को बढ़ाना। वास्तविक समय डेटा प्रबंधन प्रणाली और एसटीपी की निगरानी और सुधार के लिए आनलाइन और डिजिटल संसाधनों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कर्मचारियों को प्रशिक्षण,उपचारित जल के पुनः उपयोग को सुगम बनाने के लिए बुनयादी ढाँचें का विकास भंडारण टैंक और वितरण प्रणाली, पाइप लाइन की स्थापना समेत अन्य कार्यों के लिए राशि का उपयोग किया जाएगा।

### लाखों का सामान जलकर राख

# कपड़ा दुकान में लगी आग

**बिलासपुर।** शुक्रवार की करीब रात 8:00 बजे नूतन कालोनी सड़क स्थित कपड़ा दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली थी कि दुकान में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है।



पुलिस के अनुसार सरकंडा नूतन कॉलोनी चौक से जोरापारा जाने वाले मार्ग में रात 8 बजे एक कपड़ा दुकान में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण कपड़ा दुकान में रखा करीब 3 लाख का माल जल का राख हो गया। इस दौरान आसपास के लोगों ने सरकंडा पुलिस और दमकल कर्मियों को सूचना दी। घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन दुकान में रखा समान जल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रात होने के कारण पुलिस को जांच में असुविधा हो रही थी ऐसे में शनिवार को पुलिस आग के कारण पार विवेचना करेगी। फिलहाल आसपास के लोगों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है।































































संकलनकर्ता विकांत ध्रुवंशी हरिभूमि प्रतिनिधि मो. 9691615563, 7024069300



बिलासपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



**स्पोर्ट्स**

## ओपन इंडिया शूटिंग चैंपियनशिप में शामिल होने डीपीएस के निशानेबाज रवाना



**बिलासपुर।** द इन्फैंट्री स्कूल आर्मी मार्कमानशिप यूनिट द्वारा इंदौर के महू में 23 से 30 मार्च तक शूटिंग रेंज का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में दिल्ली पब्लिक स्कूल के शूटिंग टीम के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। उक्त आयोजन में शामिल होने वाले सभी निशानेबाज राष्ट्रीय स्तर में प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त कर चुके हैं। खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता में मनीत कौर मक्कड़, जिज्ञासा प्रधान, आरना कुरैशी, तारुणया सन्डे, मान्या अग्रवाल, काव्या शुक्ला व वैभव मिश्रा शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने सभी निशानेबाज शनिवार को होंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के शूटिंग कोच पवन दुबे जो कि स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज होने के साथ-साथ पदक विजेता भी रहे हैं, उन्होंने बताया की हमारे स्कूल के निशानेबाजों ने बहुत कड़ी मेहनत की है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि एवं अच्छे प्रदर्शन के लिए संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राजनारायण मोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

**आयोजन**

## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन का होली मिलन समाज की महिलाओं का सम्मान



**बिलासपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई द्वारा रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह का आयोजन सरजू बगीचा में किया गया। बिलासपुर महिला अध्यक्ष प्रभा तिवारी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हमारा लक्ष्य सभी विप्र बहनों और भाईयों को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन संगठन में जोड़ना और अपने बीच उनको रोजगार उपलब्ध कराना है। होली मिलन के अवसर पर भजन-कीर्तन, फाग-गीत एवं महिला सम्मान का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण को ध्यान में रखते फूल की पंखुड़ियों और हर्बल गुलाल से होली खेली एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. आरती पाण्डेय, शोभा त्रिपाठी, रश्मि दुबे, डॉ. आरती तिवारी, दिव्या चतुर्वेदी, मीना दुबे, रश्मि लता मिश्रा, स्मिता मिश्रा, डॉ. सुषमा पाण्डेय, प्रतिभा पाण्डेय, सीमा सिंह, अरूणा दीक्षित, नीता श्रीवास्तव, दीप्ति बाजपेई, बिना तिवारी, किरण उपाध्याय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**एग्जाम**

## सीजी दसवी बोर्ड की परीक्षा खत्म छात्रों ने मनाई होली



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार को खत्म हो गई। आखिरी दिन बच्चों ने संस्कृत विषय का पर्चा दिया। पर्चा होते ही स्कूल केंद्र में परीक्षा हॉल से बाहर आते ही बच्चियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खूब होली खेली। परीक्षा का तनाव खत्म होते ही परीक्षार्थियों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। इसी तरह लगभग सभी केंद्रों में बच्चों ने खूब मटरगश्ती की। एक-दूसरे से घंटों बातें करके परिणाम आने के बाद फिर स्कूल में मिलेंगे कहकर अलविदा कहा। अंतिम एग्जाम के साथ को शांतिपूर्ण माहौल में समाप्त हुआ। दसवी बोर्ड के पेपर 1 मार्च से शुरू हो गए थे। परीक्षा समाप्त होते ही विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर जमकर होली खेली, विद्यार्थी काफी खुश नजर आ रहे थे। परीक्षा केंद्र से निकले बच्चों के चेहरे एकदम खिले हुए थे। दसवी में 21 हजार सात सौ चौदह छात्रों में आखिरी परीक्षा में 872 छात्र अनुपस्थित रहे।

**चयन**

## ड्रीमलैंड स्कूल की छात्रा वशिला का छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग में चयन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग के लिए आयोजित चयन ट्रायल में ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल, सरकंडा, की कक्षा 11वीं की छात्रा वशिला बेगम ने शानदार प्रदर्शन कर गौरेला पेंड्रा मरवाही पैंथर्स टीम में अपनी जगह बना ली है। यह पूरे विद्यालय और बिलासपुर के लिए गर्व का क्षण है। यह ट्रायल बिलासपुर, भिलाई, पेंड्रा, डोंगरगढ़ और कांकेर जैसे 5 स्थानों पर आयोजित किया गया था, जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच केवल 72 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें से एक नाम वशिला बेगम का भी रहा। चयन प्रक्रिया वीर शिवाजी कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र, चिंगराजपारा, बिलासपुर में सम्पन्न हुई, जहां मुख्य कोच हीरा महरा और चयनकर्ता हेमंत यादव, महेंद्र पटेल, राकेश देवांगन और प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों का आंकलन किया। छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक रतनपुर, बिलासपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वशिला बेगम अपनी टीम के साथ दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। विद्यालय की प्राचार्या निवेदिता सरकार ने वशिला को शुभकामनाएं देते हुए कहा छात्रा की मेहनत और समर्पण का नतीजा है। हमें विश्वास है कि वह आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और बिलासपुर का नाम रोशन करेगी।

# 30 से चैत्र नवरात्र



### मां दुर्गा हाथी पर आएंगी भैंस पर जाएंगी

### मंदिरों में चल रही तैयारी

### आठ दिनों की होगी नवरात्रि



शक्ति साधना के पावन पर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है। नौ दिनों तक माता की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। शहर के मंदिरों में तैयारी प्रारंभ हो चुकी है।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि का आरंभ रविवार से हो रहा है, यानी कि इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। हाथी को सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता जब हाथी पर सवार होकर आती है तो यह किसानों के लिए एक बहुत ही शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि इस साल अच्छी फसल होगी और बारिश की संभावना रहेगी।

धार्मिक मान्यता है कि ऐसा होने से लोगों के धन में वृद्धि होती है और देश की अर्थ व्यवस्था में सुधार होता है। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। चैत्र नवरात्रि में माता रानी के आगमन की सवारी हाथी तो है ही, प्रस्थान की सवारी भी हाथी ही है। ज्योतिषी नीतिका शर्मा के अनुसार मां दुर्गा हाथी से आएंगी और रविवार 6 अप्रैल को समापन होने पर भैंस से प्रस्थान करेंगी। नौ दिनों तक शहरवासी माता की भक्ति में लीन रहेंगे। फूल से लेकर पूजा सामग्री, चुनरी, भोग-प्रसाद एवं मंदिरों में रंग-रोगन का काम अंतिम चरण में है। प्रथम दिवस स्थापना के साथ मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित होंगे। घरों व मंदिरों में जवारा बोए जाएंगे। देवी आस्था का पर्व नवरात्र को लेकर मंदिरों में साज-सजावट का काम चल रहा है। कहीं रंगाई-पुताई तो कहीं मातारानी के लिए आकर्षक आभूषण खरीदे जा रहे हैं। घर से लेकर प्रमुख देवी मंदिरों में एक समान स्थिति है।

### हर रूप का है अलग महत्व

नौ दिन देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। माता के हर रूप का अपना महत्व है और इनके स्वरूप की विशेष पूजा से खास मनोकामना की पूर्ति होती है। आदि शक्ति मां महामाया रतनपुर सहित शहर प्रमुख देवी मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्जवलित होंगे। नवरात्रि का समापन रामनवमी के साथ होगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए हिंदू और समाजसेवी संगठन भी सक्रिय है।

### 25 हजार से अधिक ज्योति कलश जलेंगे

रतनपुर महामाया मदिर के ट्रस्टी सतीश शर्मा ने बताया की चैत्री नवरात्र पर मंदिर में 25 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश जलेंगे। जिसकी तैयारी मंदिर द्वारा की जा रही है। यहां तेल व घी के ज्योति कलश जलाएं जाएंगे। जिसमें सात सौ रूपए तेल व इक्कीस सौ रूपए घी के लिए शुल्क निर्धारित किया गया। इसी तरह शहर के हरदेवलाल मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा भवानी मंदिर सहित सभी मंदिरों में तैयारी की जा रही है।

### आठ दिनों की होगी नवरात्रि, दूज व तीज एक दिन

भैरव पीठ के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि देवपंचाग के अनुसार इस बार नवरात्र आठ दिनों की है, नवरात्रि का दूज व तीज एक ही दिन 31 मार्च को पड़ रहा है। सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक दूज है, इसके बाद तीज आ जाएगी जो दिनभर रहेगी। 1 अप्रैल को चतुर्थ दिन की पूजा की जाएगी। इस तरह नवरात्र आठ दिनों में समाप्त हो जाएगी।



## सुनीता विलियम्स की स्पेस से वापसी और एलन मस्क की भूमिका पर छात्रों ने दिया प्रेजेन्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग के एमसीए की छात्रों ने कुलपति तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं शिक्षक के समक्ष सुनीता विलियम्स के स्पेस में यात्रा तथा तकनीकी खामियों के कारण समय पर धरती में न आ पाने तथा कैप्सूल के माध्यम से सकुशल वापसी के संबंध में एक प्रेजेन्टेशन दिया गया।

विडियो के माध्यम से छात्रों ने बताया कि इस स्पेश मिशन में किस प्रकार एलन मस्क के एयर क्राफ्ट की महत्वपूर्ण भूमिका थी तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की क्या भूमिका रही। सभी ने तकनीकी पहलुओं को जाना तथा प्रश्न भी किया। प्रत्येक दिवस अधिकारियों के मध्य कुलपति सामान्य चर्चा कर कार्य प्रारंभ करते हैं तथा समय-समय पर इस प्रकार के प्रेजेन्टेशन एवं चर्चा भी करते हैं। इसी तारतम्य में सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी से संबंधित सभी पहलुओं को प्रदर्शित किया, जिसे सभी ने सराहा।

## छत्तीसगढ़ी, घूमर और दक्षिण के नृत्य की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएलएस महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों का दो दिवसीय निकेतन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में संरक्षक संजय शर्मा, चेयरपर्सन निशा बसंत शर्मा, सचिव उमेश जाधव, सीईओ राकेश दीक्षित, प्राचार्य डॉ रंजना चतुर्वेदी, उप-प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय, विभागाध्यक्ष डॉ क्षमा त्रिपाठी उपस्थित रहे।

रंगारंग कार्यक्रम के उपरांत वार्षिक खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक प्रतियोगिता मे सहभागी प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं स्मृति चिन्हों का वितरण किया गया। संरक्षक संजय शर्मा ने प्रत्येक प्रतिभागियों के समूह को नकद राशि देकर पुरस्कार से सम्मानित भी किया। चेयरपर्सन निशा बसंत शर्मा ने शिक्षा और नवाचार के उत्तम संबंधों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों के बारे में बात कहीं, वहीं प्राचार्या डॉ रंजना चतुर्वेदी ने छात्र जीवन के महत्व व प्राध्यापक के रूप में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला, डॉ प्रताप पाण्डेय ने छात्राध्यापकों को निरंतर सीखने व नवाचारों के संपर्क में रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम प्रभारी सुष्मिता मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षार्थियों ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए देश के अलग अलग राज्यों तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न नृत्य तथा गायन शैली को प्रस्तुत कि जिसमे बिहू, संबलपुरी, बस्तरिया, छत्तीसगढ़ी, घूमर, और दक्षिण भारतीय नृत्य शैली का तथा कुडूख पर शानदार प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में आकांक्षा सिंह मिस फेयरवेल, प्रकाश मनचंदा मिस्टर फेयरवेल, श्वेता राय मिस गोर्जियस तथा विनय कुमार सिंह मिस्टर चार्मिंग चुने गए।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

### विभिन्न शासकीय विभागों की 40 टीमें भाग लेगी

## डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग की शुरूआत 28 से, ऑफिस से निकलकर खेलेंगे मैच



**बिलासपुर।** मिनी स्टेडियम गांधी चौक बिलासपुर में डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग राज्य स्तरीय रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा सीजन 28 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित होगा।

आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न सरकारी विभागों की 40 टीमें भाग लेगी जैसे जी.पी.एम, पथरिया, मुंगेली, बेमेतरा, रायपुर, दुर्ग, राजनंदगांव, जशपुर, सारंगढ़ कोरबा जिले की विभिन्न सरकारी विभागों की टीम जिले के बाहर की होगी। इसके अलावा बिलासपुर जिले से विभिन्न सरकारी विभागों के अंतर्गत शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, जीएसटी विभाग, इनकम टैक्स विभाग ,एग्रीकल्चर विभाग, विभिन्न सरकारी बैंकों की टीम, पी.डब्ल्यू.डी विभाग ,राजस्व विभाग, हेल्थ विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगर पंचायत, जिला पंचायत, डीईओ कार्यालय आदि विभागों की विभिन्न टीम में प्रतिभाग कर रही है। इस आयोजन को सफल बनाने में अख्तर खान, रितेश सिंह, विवेक दुबे, योगेश पांडे, प्रदीप पांडे ,देव रूद्रकर, जयप्रकाश मणिपुरी, अमित यादव, अमित तिवारी साजिद खान, महेश शर्मा, मुकेश कश्यप, आसिफ अली, अमलेश पाली, अजय साहू, विशाल दुबे, कृष्णा पटेल, विजय नापित, अनीस कौशिक, शुभम यादव, विजय मिश्रा, किरण निषाद, राजेंद्र नेताम, सौरभ मजूमदार, अंकुर रजक, लखन लाल देवांगन शिशिर निषाद, योगेंद्र यादव, अंकुश तिवारी लगे हुए हैं।

**प्रतियोगिता के पुरस्कार**

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 71 हजार 111 द्वितीय पुरस्कार 31 हजार 111 तृतीय पुरस्कार 15 हजार 111 चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार 111 की नगद राशि व ट्रॉफी रखी गई है। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज में एलईडी टीवी, स्पोर्ट्स साइकिल व ट्रॉफी इसके अलावा बेस्ट बैटमैन बेस्ट विकेट कीपर बेस्ट बॉलर बेस्ट हीटर पावर प्ले अवार्ड मोस्ट एनर्जेटिक टीम सहित अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाएंगे।

**मुख्य आकर्षण**

प्रतियोगिता में आई सभी टीमों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था होगी और साथ ही बाहर से आने वाली टीमों के लिए डिनर की भी व्यवस्था डिनर एवं रुकने की भी व्यवस्था की जाएगी। सभी मैच लाइव चलेंगे जिसका आनंद घर में बैठे-बैठे टीवी में सभी डिपार्टमेंट के लोग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए लकी ड्रा की भी व्यवस्था है जिसमें खिलाड़ियों को लकी ड्रा निकाल कर बहुत सारे गिफ्ट हैंपर प्रदान किए जाएंगे।



## कोटा कालेज में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वार्षिक खेल महोत्सव में क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी खुद, ऊँची खुद, 100 मी. दौड़, रस्सी खुद और कुर्सी दौड़ शामिल रही। संयोजक राजेश सिंह ने बताया की इस वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में संपूर्ण सत्र के दौरान अंतर परिक्षेत्र, अंतर महाविद्यालय, अंतर विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय, राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में चयनित और मेडल प्राप्त छात्र छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल संस्करण में तिरंदाजी विद्या में कांश्य पदक प्राप्त करने पर राज्य शासन द्वारा वीर प्रवीरचंद भंज देव अलंकरण से सम्मानित किया गया था, साथ ही छात्रा सुलोचना राज जिसने हाल ही में राष्ट्रीय खेल संस्करण में तिरंदाजी प्रतियोगिता में छ. ग. राज्य के लिए कांश्य पदक हासिल किया था। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की संरक्षक और प्राचार्य डॉ. नाज बेंजमीन रही, मंच संचालन का दायित्व अंग्रेजी विभाग के सहा. प्राध्यापक डॉ. शांतनु घोष ने संभाला, इस कार्यक्रम में ऐ. के. पाण्डेय, के. मिंज, डॉ. सपना पवार, वाय.के. उपाध्याय, डॉ. जे. के. द्विवेदी, डॉ. प्रमिला देव मिरी कार्यालयीन कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक महासभा आज

**तखतपुर।** प्रजापति कुम्हार समाज की वार्षिक महासभा 22 मार्च को शाम 4 बजे से कुम्हारपारा नगर पंचायत बरेला में आयोजित की जा रही है, जिसमें सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। इसकी तैयारी में किशन लाल प्रजापति, दुलीराम प्रजापति सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### अध्यक्ष निष्कासित

**तखतपुर।** पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले एनएसयूआई के तखतपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी बिलासपुर अमित शर्मा ने 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया।

## निधन

### अनंत राम श्रीवास

**बिलासपुर।** अशोक नगर निवासी बिरकोना वाले अनंतराम श्रीवास का निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 मार्च शनिवार को दोपहर 11 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भूपेंद्र श्रीवास, रवि श्रीवास के पिता थे।



### कृष्ण मुरारी जायसवाल

**बिलासपुर।** उस्लापुर निवासी कृष्ण मुरारी जायसवाल पद्मपुर वाले का 20 मार्च को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया।



### गुरुचरन सिंह राजपाल

**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी सरदार गुरुचरन सिंह राजपाल का 21 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 मार्च को सुबह 10 बजे निवास गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद के सामने राजपाल निवास से मुक्तिधाम मधुबन नारियल कोठी दयालबंद के लिए निकलेगी। वे गुरुचरन कौर राजपाल के पति, रनजीत सिंह राजपाल व परमजीत कौर खनूजा, अरमीत कौर छाबड़ा के पिता थे।



### मनोज जग्याशी

**मुंगेली।** सिंधी कॉलोनी निवासी श्रीगोविंद धाम के प्रमुख स्व संतोष जग्याशी के बड़े पुत्र मनोज जग्याशी का 20 मार्च की रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया। वे बिट्टू जग्याशी के भाई एवं मोहित जग्याशी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को रावण भाटा स्थित सामाजिक मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक नागरिक उपस्थित थे।



# प्रगति का बजट विकास की राह को खोल रहा: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा सत्र के दौरान विनियोग विधेयक चर्चा में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि पिछले समय का ज्ञान का बजट और इस बार गति का बजट, दोनों ने मिलकर कांग्रेस की दुर्गति कर दी है।



■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में हुए विनियोग विधेयक चर्चा में लिया हिस्सा

श्री कौशिक ने कहा कि कुल 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए के बजट में हमारे राज्य का राजस्व 54 प्रतिशत है और केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्राप्त होने वाली राशि 45 प्रतिशत है। श्री कौशिक ने कहा कि 2024-2025 के बजट की तुलना में 2025-2026 के बजट में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है इसी तरह लगातार बजट में वृद्धि विकास को इंगित कर रही। साथ ही किसी भी कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए साय सरकार द्वारा गुड गर्वनेंस के माध्यम से यह व्यवस्था की जा रही है, ई-आफिस ऑनलाईन तरीके से फाईल का निपटारा हो इसके लिए ई आफिस को बढ़ावा दिया जा रहा है यहाँ तक कि मुख्यमंत्री जी का आफिस भी ई-आफिस से जुड़ा हुआ है, ताकि सरकार के विकास की गाड़ी सरपट दौड़े और इसके लिये ई-आफिस प्रणाली अपनाई गई है तांकि लालफीताशाही को समाप्त किया जा सके। श्री कौशिक ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट को सी4 श्रेणी में अपग्रेड किया जाए एवं एयर स्टीप को बढाया जावे तांकि बोईंग विमान भी उतर सके। बिलासपुर एयरपोर्ट से कनेक्टीविटी को भी अन्य शहरों से बढ़ाते हुए जोड़ा जाए तथा इस हेतु आवश्यक बजट में प्रावधान भी किया जाए।

### बिलासपुर तक हो मेट्रो का सर्वे

श्री कौशिक ने विष्णु सरकार से मांग करते हुए कहा कि रायपुर- दुर्ग के लिए जो मेट्रो ट्रेन का सर्वे कराया जा रहा है उसे बिलासपुर तक किया जाए जिससे इसका लाभ बिलासपुर संभाग को भी मिलेगा। जिस पर वित मंत्री द्वारा आश्वास्त करते हुए कहा की इस विषय पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। श्री कौशिक ने कहा कि जिस तरह से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रगति का बजट 2025 पेश किया है आने वाले सालों में छत्तीसगढ़ के विकास की गति तेजी से बढेगी और यही कारण है कि जनता हमे हमेशा अपना आशीर्वाद दे रही है। श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विभिन्न विकास निर्माण कार्य हो रहे उन कार्यो को समयावधि में पूर्ण करने लिए और करप्शन को रोकने के लिए साय सरकार के द्वारा अटल मॉनिटरिंग पोर्टल आरंभ किया गया है, यदि कार्य में विलंब हो रहे हैं तो उसे जल्दी कैसे करें इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए अटल मॉनिटरिंग पोर्टल प्रारम्भ किया है निश्चित ही इसका लाभ हमें देखने मिलेगा और भ्रष्टाचार. में रोक लगेगी।

# डिडनेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र की तैयारी जोरों पर





**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में बासंती चैत्र नवरात्र की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। ज्योतिकलश कक्षों की सफाई के अलावा परिसर में रंग रोगन का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं नवरात्र के दौरान परिसर को भव्य बनाने आकर्षक लाइट व झालर लगाए जा रहे हैं। पिछले दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौप दी गई हैं। कार्यालय प्रभारी जतन कैवर्त ने बताया कि इस वर्ष 30 मार्च से 6 अप्रेल तक नवरात्र अनुष्ठान होंगे, इस दौरान मंदिर परिसर में देवी भागवत की संगीतमय कथा होगी, जिसके कथावाचक संतोष वैष्णव होंगे। इसके अलावा पंडित अभिषेक तिवारी दुर्गासप्तसती पाठ के अलावा सभी अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। ट्रस्ट की ओर से इस बार 7 सौ 51 रुपए तेल एवं 17 सौ 51 रुपए घृत ज्योति कलश तथा 15 सौ 1 रुपए जंवारा के लिए निर्धारित किया गया है। ज्योति कलश की रसीद काटने वाले प्रेरकों के पास रसीद बुक भेज दी गई है, जो मनोकामना के लिए दीप प्रज्वलित करने रसीद बनाकर कार्यालय भेजेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बताया कि इस बार नवरात्र में 3 हजार से ज्यादा मनोकामना के ज्योत जलेंगे। नवरात्र के दौरान सम्पूर्ण नवरात्र पूजन के अलावा जसगीत, झांकी, रामायण, कीर्तन भजन रात्रिकालीन कार्यक्रम मंदिर परिसर में होंगे।

**निर्माण कार्य जारी-** ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संतोष कैवर्त ने जानकारी दी कि ज्योति कलश कक्षों की कमी को पूरा करने परिसर के अंदर भव्य ज्योति कलश कक्ष बनाए जा रहे हैं, जो अगले नवरात्र तक पूरे हो जाएंगे। इसके साथ ही परिसर के बाहर व्यवसायिक दुकान भी निर्माणाधीन हैं जिनका आबंटन अगले कुछ माह में हो जाएगा।

# एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने 21 मार्च को रक्षित केन्द्र मुंगेली में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की साप्ताहिक जनरल परेड ली पुलिस विभाग मे परेड को अनुशासन की नींव माना जाता है यह न केवल अनुशासन को मजबूत करती है बल्कि टीम वर्क की भावना भी विकसित करती है।इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने परेड की सलामी ली तत्पश्चात सभी प्लाटूनों का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को चेक किया। साथ ही उत्साहवर्धन हेतु पुलिसकर्मियों को ईनाम दिया भी गया। इस दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियो के स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली और त्वरित समाधान करने निर्देशित किया। इस अवसर पर ड्युटी के दौरान उच्च गुणवत्ता की वर्दी पहनने और जनता के प्रति मधुर व्यवहार बनाए रखने राजपत्रित अधिकारियों एवं प्लाटून कमांडरो ने अलग–अलग प्लाटून को एकल रूप से परेड का अभ्यास कराया। एसपी ने रक्षित केन्द्र के विभिन्न शाखाओ तथा शासकीय वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। परेड मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रस्टि तिग्गा बघेल, निरीकार्तिकेश्वर जांगडे थाना प्रभारी फास्टरपुर, उनि लक्ष्मण खुंटे थाना प्रभारी लालपुर तथा जिले के 69 पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।



### नपा अध्यक्ष ने किया पीआईसी का गठन

**तखतपुर।** तखतपुर नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने पीआईसी का गठन किया है, जिसमें उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग, पार्षद मुन्ना श्रीवास को आवास, पर्यावरण एवं लोकनिर्माण विभाग, सुनील जांगड़े जलकार्य विभाग, शैलेंद्र निर्मलकर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, पूजा बबलू गुप्ता राजस्व तथा बाजार विभाग, परमजीत हूरा खाद्य नागरिक आपूर्ति पूर्नवास एवं नियोजन विभाग, अनुपमा पाण्डेय को शिक्षा महिला तथा बालक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

# सीएम के विभागों की अनुदान मांगों की चर्चा में मस्तूरी विधायक ने लिया हिस्सा

**सीपत/मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने मुख्यमंत्री के विभागों के अनुदान मांगो की चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक लहरिया ने मुख्यमंत्री से ग्राम गतौरा के जनकपहरीपारा में नवीन प्राथमिक शाला, ग्राम ईटवा, ग्राम भरारी, ग्राम रांक, ग्राम कुकुरदीकेरा, ग्राम धनगवां में स्थित शासकीय हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने, प्रदेश में शिक्षकों के 56 हजार रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने, स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिन करते हुए वेतन में वृद्धि करने, बीएड योग्यता धारी सेवा समाप्त शिक्षकों को अन्य पदों पर समायोजन करने, छत्तीसगढ़ी भाषा में एमए योग्यता धारी बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, मस्तूरी क्षेत्र में दो नवीन महाविद्यालय ग्राम सोन सोनसरी व ग्राम जेवरा में खोले जाने की मांग रखी। साथ ही एनटीपीसी सीपत से ओवरलोड राखड़ परिवहन को रोकने की उचित व्यवस्था, मल्हार महोत्सव हेतु स्वीकृत राशि को जल्द वर्तमान वित्तीय वर्ष में भुगतान कर महोत्सव का आयोजन कराने की भी मांग की।

# साहू समाज की बैठक में तय की गई आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा



**लगरा।** जिला साहू संघ की बैठक शुक्रवार को भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन खमतराई में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ तिलकराम साहू ने कहा कि आगामी कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मनित किया जायेगा।

साथ ही 25 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती के दिन सभी घरो में संध्या के समय दीप प्रज्जवल्ति करने का निर्णय भी लिया गया। जिला अध्यक्ष डॉ तिलक राम साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा ने समाज में त्याग, तपस्या और समर्पण भाव का समाज में संदेश दिया है, जिसे हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिऐ। श्री साहू ने कहा समाजिक सुख-दुख के कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची पर अंकुश होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आपसी भाईचारे के साथ फूलों से होली खेली गई। इस अवसर पर समाज प्रमुख काषी राम साहू, पवन साहू, डॉ केके साव, मनोज साहू, संतोष साहू, बन्टी साहू, केषव साह, रमेष गुरूजी, नंदनी पवन साहु, रामकृष्ण साहू दौलत साहू, घनष्याम साहू जीतू साहू, विष्णू साहू ष्यामा साहू, नागेष्वरी साहू, भारती साहू, गीता साहू, उषा साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# 24 घंटे बाद मिला दशगात्र में नहाने आए युवक का शव

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में 35 वर्षीय युवक के शव को प्रशासन की अगुवाई में गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 24 घंटे के बाद तालाब से बाहर निकालने में सफलता पाई।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च गुरुवार को दोपहर 2 बजे फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव ठेलका निवासी संतोष कुमार जोशी 35 वर्ष पिता हरि प्रसाद जोशी अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम साल्हेघोरी दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आया था। करीब दोपहर 2 बजे वह ग्रामीणों के साथ तालाब में नहाते समय लापता हो गया। कुछ समय बाद युवक की तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तालाब की पचरी के पास ग्रामीणों को युवक का कपड़ा एवं बाइक मिला जिसके बाद गांव मे हडकंप मच गया। देखते ही देखते तलाब के पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई एवं दो दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 1.30 बजे युवक को तालाब में नहाते देखा गया था, जिसके आधार पर गोताखोरों की टीम तालाब में खोजबीन करती रही लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद गोताखोरों की दूसरी टीम ने लगभग शाम 5 बजे युवक के शव को काटों में फंसाकर बाहर निकाला। शव का पंचनामा कर पुलिस ने पीएम के लिए रवाना किया।



### बाहर निकाला गया शव

कलेक्टर के निर्देश पर गोताखोरों की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद सफलतापूर्वक शव को बाहर निकाला। शव बरामद नहीं होने पर तालाब का पानी भी खाली किया जा सकता था।
- अजीत पुजारी, एसडीएम

मामले में कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं प्रशासनिक अमलों ने घटना स्थल का मुआयना कर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर एसडीओपी घृतलहरे, नायब तहसीलदार चन्द्रप्रकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर जुटे रहे।

# कांग्रेस पार्षद वैष्णव 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित



**लोरमी।** नगर पालिका परिषद में उपाध्यक्ष के लिए हुए निर्वाचन में कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक की सहमति एवं जिलाध्यक्ष के अनुमोदन पर कांग्रेस पार्षद शशांक वैष्णव को भाजपा को फायदा पहुंचाने के आरोप में पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि शशांक वैष्णव ने उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद नाम वापस लेकर चुनाव से दूरी बना ली थी। कांग्रेस पार्टी ने इसको नियमों का उलंघन बताते हुए शशांक को 6 वर्ष के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। जिला महामंत्री संजय यादव के लेटर हेड में निष्कासन पत्र में लिखा है कि नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा शशांक वैष्णव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था, लेकिन नाम वापसी के समय भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में इन्होंने नामांकन वापस ले लिया। इसके कारण भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए।

# वेल्डिंग मशीन, किराना सामान चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बेलतरा।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों फरार आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के द्वारा आरोपियों से चोरी किए गए किराना सामान सहित 2 हजार 4 सौ नकदी बरामद की गई है।



अंधियारीपारा निवासी अर्जुन सिंह ने 8 नवंबर 2024 को तिवरता कोल वाशरी अंधियारीपारा लिम्हा के पम्प हाउस में रखे वेल्डिंग मशीन की चोरी होने तथा नेवसा निवासी उमेश कुमार साहू ने 19 फरवरी 2025 को नेवसा की किराना दुकान से किराना सामान व नगदी 3 हजार 8 सौ रूपए की चोरी की शिकायत रतनपुर थाने में दर्ज कराई थी। प्रार्थियों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर लिया था एवं थाना प्रभारी रतनपुर नरेश कुमार चौहान के दिशानिर्देश पर टीम गठित कर व मुखबीर लगाकर मामले की पतासाजी की जा रही थी। घटना के 2 आरोपियों को रतनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया था एवं अन्य आरोपियों की तलाश लगातार की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के घर पर घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक ऊर्फ निक्कू कश्यप पिता संजय कश्यप उम्र 23 वर्ष निवासी गिधौरी थाना रतनपुर, संदीप ऊर्फ छोटू कश्यप पिता अश्वनी कश्यप उम्र 26 वर्ष निवासी छाँधीपारा गिधौरी थाना रतनपुर, प्रकाश ऊर्फ बवना यादव पिता स्व भरत यादव उम्र 19 वर्ष निवासी शिव चौक गिधौरी थाना रतनपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया।

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना देता हूं की मेरे पक्षकार श्री निक्कू सिंह ठाकुर पिता रमेश सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नंबर 02 मिट्टी तिला कुडूदंड तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा भूमि स्थित ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकंडा, खसरा नंबर 386/15 रकबा 1312 वर्गफुट, तहसील व जिला बिलासपुर जो की राजस्व अभिलेखो मे श्रीमती सविता पाटिल पति संजय पाटिल निवासी तलापारा तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर दर्ज है का पक्का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है जिसका निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीयन कराया जाना है । अत: किसी व्यक्ति, वरीशान, शशकीय, अर्धशासकीय, बैंक व संस्थान को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 11 दिवस के भीतर अपनी दावा आपत्ति अधिवक्ता या आम मुख्तियार के माध्यम से पेश कर सकते है 11 दिवस के उपरांत दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।
दिनांक 21/3/25
भवदीय
अधिवक्ता
सौरभ सिंह ठाकुर
मो. न. 8103111850
9589798272

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 04/03/2025
प्रति,
1. लीला गुप्ता/राजेश गुप्ता 2. किरण 3. रामखिलावन कौशिक 4. सोनी जी 5. सर्व संबंधित (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
**विषय: सीमांकन में उपस्थित बाबत्।**
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक लीला गुप्ता निवासी गोड़पारा के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 390/30 रकबा 0.0060 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 26.03.25 को समय 12 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप: 1. आवेदक सीमाचिंह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00029 मोपका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD2024254 00107300127

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00029 के अंतर्गत ग्राम मोपका के वर्तमान भूमिस्वामी अंजनी डडसेना पिता/पति-दुर्योधन प्रसाद पता-मोपका के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 402/27 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीप्ती डनसेना पिता/पति-अंजनी कुमार डनसेना पता-रायगढ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार
Mukesh Kumar Dewangan
तहसील बिलासपुर

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**//ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण क्रमांक...................अ-2/2024-25
ग्राम धरमपुरा, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक BPSV HOUSING LLP द्वारा भागीदार आकाश कुमार अग्रवाल पिता प्रवीण कुमार अग्रवाल निवासी कुटुम्ब आकाश मार्ग, सागा ले आउट रोड उसलापुर ओव्हरब्रिज के पास बिलासपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व के ग्राम धरमपुरा तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 480/1, 480/3, 480/4, 480/5, 484/1, 485/2 रकबा क्रमशः 0.2020, 0.2700, 0.2050, 0.2050, 0.1980 हे. कुल रकबा 1.2380 हे. को व्यवसायिक (विद्यालय प्रयोजन) हेतु व्यपवर्तन किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01.04.25 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**-:: ईश्तहार::-**

कमांक क/वा/नजूल/2025
मुंगेली, दिनांक 10.03.2025
सरिता सोनी पिता स्व. श्री विष्णु सोनी एवं दो अन्य, निवासी मोहल्ला रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)..........आवेदकगण
बनाम
छ.ग.शासन. ......अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक सरिता सोनी पिता स्व. श्री विष्णु सोनी एवं एवं दो अन्य, निवासी मोहल्ला रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38डी, प्लाट नं. 182, क्षेत्रफल 75 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड से सहखातेदार विमला चैधरी का नाम विलोपित किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 09.04.2025 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**-:: ईश्तहार::-**

कमांक क/वा/नजूल/2025
मुंगेली, दिनांक 11.03.2025
रघुराज देवांगन पिता स्व. प्रेमदास देवांगन एवं चार अन्य, निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
.......आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन. ........अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक रघुराज देवांगन पिता स्व. प्रेमदास देवांगन, निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा मुंगेली के मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 29-सी, प्लाट नं. 22, क्षेत्रफल 154 वर्गमीटर भूमि का नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 09.04.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 12.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

---

**श्रीमान नोटरी महोदय, नोटरी सिविल तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता मानवी टाण्डे उम्र 19 साल पिता श्री नरेंद्र कुमार टाण्डे, जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 12 अंसारी कालोनी तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि:-
1. यह कि मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बिलासपुर में पालिसी संख्या 385840476 दिनांक 28/01/2008 को बीमा कराया था। जिसका पूर्णावधि तिथी 28/01/2026 को पूर्ण को होना है। 2.यह कि उक्त बीमा पालिसी लेने के समय बीमा पालिसी बॉड पेपर में मेरा नाम गुनगुन टाण्डे पिता नरेंद्र कुमार टाण्डे, दर्ज है, जबकि मेरे समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक पर मेरा नाम मानवी टाण्डे पिता श्री नरेंद्र कुमार टाण्डे, अंकित है। 3. यह कि मेरा नाम गुनगुन टाण्डे पिता नरेंद्र कुमार टाण्डे, एवं मानवी टाण्डे पिता श्री नरेंद्र कुमार टाण्डे दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है। 4. यह कि उक्त शपथपत्र भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पूर्णावधि पश्चात राशि मेरे पक्ष में भुगतान करने हेतु यह शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूँ।
शपथकर्ता- मानवी टाण्डे

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ। कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 04/03/2025 को मेरे द्वारा पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
शपथकर्ता- मानवी टाण्डे

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील- बिलासपुर प.ह.न. - 00029 चिल्हाटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425400107200035

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00029 के अंतर्गत ग्राम चिल्हाटी के वर्तमान भूमिस्वामी विमला पिता/ पति कृष्णा कुमार धुरी पता- सेलर बिलासपुर मदन धुरी पिता/पति- शोभाराम धुरी पता- चिल्हाटी बिलासपुर सुमित्रा पिता/ पति-शोभाराम पता- चिल्हाटी बिलासपुर रमेश धुरी पिता/पति-शोभाराम धुरी पता-चिल्हाटी बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 66/4 (0.3770), 94/3 (0.7490) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुमित्राबाई पिता/पति-शोभाराम पता-चिल्हाटी बिलासपुर मदन धुरी पिता/पति-शोभाराम धुरी पता - चिल्हाटी बिलासपुर रमेश पिता / पति-शोभाराम धुरी पता- चिल्हाटी तह व जिला बिलासपुर विमला बाई धुरी पिता/पति कृष्ण कुमार धुरी पता- सेलर तहसील व जिला बिलासपुर छग के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला- बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के पुरी सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार
Mukesh Kumar Dewangan
तहसील बिलासपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :-ऋषित सिंह छाबड़ा पिता सुरिन्दर सिंह छाबड़ा .........आवेदक
**बनाम**
छ.ग. शासन ...............अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषित सिंह छाबड़ा पिता सुरिन्दर सिंह छाबड़ा निवासी छाबड़ा भवन एस.बी.आई. के सामने गोड़पारा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा नजूल शीट नं. 26 प्लाट नं. 163 रकबा 2370 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदक के पिता सुरेन्दर सिंह छाबड़ा पिता स्व.किरीन सिंह छाबड़ा एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। आवेदक के पिता सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा की मृत्यु दिनांक 13.11.2024 को हो चुकी है। आवेदक के व्दारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 7/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 17/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :-आशीष देशर पिता सुरेश देशर .........आवेदक
**बनाम**
आनंद कुमार देशर पिता रमेश कुमार देशर ........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष देशर पिता सुरेश देशर निवासी मसानगंज महिला थाना के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगज नजूल शीट नं. 22 प्लाट नं. 131/10 रकबा 180 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदक एवं अनावेदक आनंद कुमार देशर पिता रमेश कुमार देशर के नाम पर दर्ज है। आवेदक व्दारा आवेदित भूमि को अनावेदक से पंजीकृत हकत्यागपत्र के माध्यम से प्राप्त कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 9/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 4/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :- डॉ. श्रीमती इशरत खान पिता इकराम खान .............आवेदक
**बनाम**
शांतिपुष्प एसोसिएटस बिलासपुर व्दारा प्रबंधक ई. रमेन्द्र राव पिता स्व.ई. नागेश्वर राव ...........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका डा. श्रीमती इशरत खान पति इकराम खान निवासी अखबर खान बाड़ा के सामने जूनीलाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा नजूल शीट नं. 24 प्लाट नं. 8/3 रकबा 18024 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि पर निर्मित व्यवसायिक परिसर राव ट्रेड सेंटर ब्लाक डी के प्रथम तल पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक 101 रकबा 235 व.फु. (छत छोड़कर) को आवेदिका व्दारा अनावेदक शांतिपुष्प एसोसिएटस बिलासपुर व्दारा प्रबंधक ई. रमेन्द्र राव पिता स्व. ई. नागेश्वर राव से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 9/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 21/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी,बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

नसरत उल्ला खान ..........आवेदक
// विरूद्ध //
नगर निगम आयुक्त महोदय वगैरह
-अनावेदकगण
उत्तरा.प्र.क्र. 16/2025
पेशी ता. 03.04.2025
आदेश दिनांक 13.02.2025
प्रोसेस क्र. 77/25

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम बाबत स्व. रहमतुल्लाह खान के नाम उसके विभाग से उसे प्राप्त होने वाले विभिन्न मदों ग्रेज्यूटी, जी.पी.एफ., बीमा एवं अन्य मद की राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 03.04.2025 को नियत है। अनावेदक क्र. 03 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 03.04.2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 03.04.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18/03/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक- 18/03/2025
स्थान- बिलासपुर
(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जय कुमार पोपटानी पिता रामचन्द्र पोपटानी एवं श्रीमति ज्योति पोपटानी पति जय कुमार पोपटानी निवासी आशीर्वाद वैली, बोदरी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वयं की स्वामित्व एवं कब्जा की भूमि स्थित ग्राम बोदरी महल नं. 4, प.ह.नं. 1, नगर पंचायत बोदरी सीमा के अंतर्गत सरदार पटेल वार्ड नं. 1, जिला बिलासपुर (छ.ग.) आशीर्वाद वैली, लेआउट प्लाट नं. 124, का खसरा क्र. 39/35, रकबा 1980 वर्गफुट परिवर्तित शीट नं. 6, प्लाट नं. 15, लगान रु. 146.00 जिसकी चौहद्दी पूर्व में प्लाट नं. 123, पश्चिम में कालोनी रोड, उत्तर में कालोनी रोड एवं दक्षिण में प्लाट नं. 125 है। उक्त सम्पत्ति मेरे पक्षकार ने श्रीमति कविता सिंह पति अरविन्द कुमार सिंह से पंजीकृत बिक्री पत्र दि. 14.8.2024 को पूर्व प्रतिफल देकर खरीदकर स्वामित्व एवं कब्जा प्राप्त किया है। इसी प्रकार श्रीमति कविता सिंह ने उक्त सम्पत्ति को अपनी माता श्रीमति अल्का सिंह पति कृष्णरामा सिंह से पंजीकृत दान पत्र दि. 12.3.2018 स्वामित्व एवं कब्जा प्राप्त किया था एवं श्रीमति अल्का सिंह ने उक्त सम्पत्ति को आशीर्वाद बिल्डकॉन से पंजीकृत बिक्री पत्र दि. 28.3.2016 दस्तावेज क्र. 2077 के द्वारा खरीदकर स्वामित्व एवं कब्जा प्राप्त किया था। चूंकि पूर्व का विक्रय विलेख दि. 28.3.2016 दस्तावेज क्र. 2077 कही गुम हो गई है अथवा पूर्व विक्रेता के पास रखी है। उक्त बिक्री पत्र अथवा भूमि, सम्पत्ति के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार उक्त भूमि को एक्सीस बैंक लि. में बंधक रखना चाहता है। 7 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।
बिलासपुर (छ.ग.) दि. 21.3.2025
(राधाकृष्ण गुप्ता) अधिवक्ता
भाजपा कार्यालय के सामने, करबला रोड,
पुष्पांजली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 94252-30162

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वष्ठि श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

पीठासीन अधिकारी (श्रीमान विजेन्द्र सोनवानी)
तुलसी दास .....आवेदक
विरूद्ध
आम जनता वगैरह ....अनावेदकगण
सक्सेशन प्र.क्र. 12/2025
पेशी दिनांक 11.04.2025
आदेश दिनांक 07.03.2025
प्रोसेस नंबर :-87/25
प्रति, 1 आम जनता जिसके संबंध में हो।

इस न्यायालय में आवेदक तुलसी दास उम्र 64 वर्ष पिता स्व. दयादास मानिकपुरी, निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के अंतर्गत आवेदन पत्र अपनी पत्नी मालती मानिकपुरी की मृत्यु हो जाने के पश्चात प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में आम जनता जो भी इससे संबंधित हो उनके लिये राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

उपरोक्त के संबंध में किसी भी आमजन को कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकारी के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 11.04.25 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक 11.04.25 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 11.04.25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 21/3/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पार्षदों का होली मिलन समारोह में किया सम्मान



**बिलासपुर।** लोक संचेतना फाउंडेशन ट्रस्ट भारत के प्रांतीय अध्यक्ष तथा ओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रशासन सागा ले आउट के प्रमुख पूर्व आईएसएस रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा मंगला सहित क्षेत्र के नव निर्वाचित पार्षदों का होली मिलन के साथ सम्मान किया गया। इसमें रमेश पटेल, डॉक्टर तिलक राम साहू, अमित तिवारी, हेमन्त मरकाम और नितिन पटेल का ओंकारेश्वर महादेव मंदिर के प्रतिभा मेडल से सम्मानित किया गया। पार्षदों का सम्मान लोक संचेतना फाउंडेशन ट्रस्ट भारत एवं ओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रशासन सागा लेआउट शुभम विहार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति की अवधारणा धर्म एवं राष्ट्र पर ही अवलंबित है। परंपरा को समझते हुए ही हम विरासत को संरक्षित कर सकते हैं। पार्षदों के इस सम्मान से न केवल पार्षदों का बल्कि राष्ट्र और धर्म भी प्रकारांतर से संरक्षित होते हैं। पार्षद डॉ तिलक राम साहू ने कहा कि मेरा यह सम्मान आप सभी को समर्पित है। वार्ड 32 के पार्षद अमित तिवारी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम राष्ट्र और धर्म को एक साथ लेकर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हों। भाजपा किसान मोर्चा की स्मृति जैन ने कहा कि इन राष्ट्रवादी पार्षदों के सम्मान से हम गौरवान्वित हैं और भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने हम शुभकामनाएं देते हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रशासन के सचिव आशीष कश्यप, दारा सिंह राजपूत, गुड्डा कश्यप, महिला मोर्चा की रीना झा आदि मौजूद थीं।

### भारतीय सिन्धु सभा का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**बिलासपुर।** भारतीय सिन्धु सभा का होली मिलन समारोह का समापन रंग पंचमी के दिन सम्पन्न हुआ। संस्था के सदस्यों ने श्री झूलेलाल साईं जी का स्मरण करते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए देश व प्रदेश की जनता के सुख, शांति और उन्नति की कामना की। इस दौरान भारतीय सिन्धु सभा संस्था के अध्यक्ष शंकर मनचंदा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने आगामी 30 मार्च को सिंधी समाज के महान पर्व चेत्री-चंद्र के पूर्व 23 मार्च रविवार को सीपत रोड स्थित साइंस कालेज मैदान में संस्था द्वारा आयोजित सिंध जो मेलो की तैयारियों से सम्बधित जानकारी दी गई। जिसमे मुंबई से आए हुए सिंगर मोहित लालवानी के अलावा, सिंगर राहुल, स्टैंड अप कामेडियन पुरु गलानी, एंकर सौम्या पंजवानी सभी अपने साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही सभी को मेले से सम्बंधित जिम्मेदारी दी गई। बैठक में प्रमुख रूप अर्जुन तीर्थंनी, धनराज आहूजा, रमेश लालवानी, नानक खटुजा, मनोहर पमनानी, नारायण उभरानी, प्रताप राय आईलानी, मोहन जैसवानी, जगदीश जिज्ञासी, सतीश लाल, दयानन्द तीर्थंनी, नन्दलाल पोपटानी, मनोहर थॉरानी, कैलाश आयलानी, शंकर नागदेव, दिलीप घनशानी, दिलीप मनवानी, जगदीश नागदेव, अमर पमनानी, डा.सतीश छुगानी, हरीश कोड़वानी, अमर चावला, अभिषेक विधानी, मुकेश विधानी, विनोद जीवनानी, सुनील लालवानी, राम चावला, गुरुबक्श जैसवानी, हरीश मोटवानी, विनोद रायकेश, धीरज रोहरा, अविनाश आहूजा, नरेंद्र हरियाणी, हरगुन कारड़ा, दयानन्द तीर्थंनी, इत्यादि सदस्य शामिल हुए। बैठक में सभी सदस्यों का आभार महामंत्री राम सुखीजा द्वारा किया गया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों का कमिश्नर ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** छग प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा नया सर्किट हाउस में राजपत्रिक अधिकारी सेवाकाल सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन संभागीय आयुक्त के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि आयुक्त महादेव कावरे ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही राजपत्रित संघ को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने जिले में राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय भवन के लिए प्रशासन से सभी संभव सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों को सेवा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर आर. ए. कुरूंशी द्वारा राजपत्रित अधिकारी संघ को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

### तुलसी साहित्य अकादमी का विमोचन एवं सम्मान समारोह कल

**बिलासपुर।** तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा वार्षिक समारोह, विमोचन एवं सम्मान समारोह तथा विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 23 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से संस्कार भवन पुराना सरकंडा में आयोजित किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि-डॉ विनय कुमार पाठक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ श्रीधर गौरहा, विशिष्ट अतिथि शिव प्रताप साव, विष्णु कुमार तिवारी, चन्द्र प्रकाश वाजपेयी, अखिलेश चन्द्र वाजपेयी, विनय पाण्डेय शामिल होंगे। इस अवसर पर सरस्वती वंदना और स्वागत गान एवं शीतल प्रसाद पाटनवार की कृति हिम्मती नोनी एवं राम निहोरा राजपूत की काव्य कृति श्री राम नाम ही सार का विमोचन एवं कृतिकारों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी महासचिव डॉ बजरंग बली शर्मा ने दी।

### हरि नाम संकीर्तन सार्वजनिक श्री श्री शीतला पूजा 25 तक

**बिलासपुर।** शंकर नगर स्थित श्री श्री शीतला समिति द्वारा 22 मार्च से प्रारंभ सोलह प्रखर अखंड हरि नाम संकीर्तन सार्वजनिक श्री श्री शीतला पूजा का समापन 25 मार्च को होगा। आयोजन का यह 75 वां वर्ष है। आयोजन समिति के अध्यक्ष महादेव भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष भानू रंजन प्रधान, सचिव डॉ. एसके मजूमदार, कोषाध्यक्ष विपुल विश्वास, सह कोषाध्यक्ष कार्तिक कर्मकार, विनय गिरी, सह सचिव शेखर बारीक, प्रदीप जाना, सहयुक्त सचिव दिलीप जाना, ऑडिटर शामल मंडल एवं समिति के अन्य सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

**विधानसभा में उठाया मुद्दा** — 295 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण शीघ्र पूरा करने की मांग

# धर्मजीत ने पेश किया कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन को लेकर अशासकीय संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा में कटघोरा - डोंगरगढ़ रेल लाइन को लेकर अशासकीय संकल्प पेश किया। उन्होंने कहा कि इस रेल लाइन का निर्माण शीघ्र पूर्ण होना चाहिए।

विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक श्री सिंह ने अपना अशासकीय संकल्प प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह सदन केंद्र सरकार से अनुरोध करता है कि 295 किलोमीटर लंबी कटघोरा, रतनपुर, तखतपुर, मुंगेली, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़ रेल लाइन का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए, वे इसमें एक शब्द और जोड़ते हैं कि इसको प्रारंभ करने की कार्रवाई की जाए। श्री सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को संबोधित करते हुए कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने इस महत्वपूर्ण रेल लाइन के लिए प्रयास किया था, सभी जानते हैं कि रेलवे लाइन आसानी से स्वीकृत नहीं होती और वह बन भी नहीं पाती है, लेकिन याद है कि उस समय छग शासन और रेल मंत्रालय के बीच एक एमओयू हुआ था, एक संयुक्त उपक्रम कंपनी छग रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड का गठन किया गया, इसमें राज्य के बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान कटघोरा से रेल लाइन शुरू करने का निर्णय लिया गया, कटघोरा में हाल ही में लीथियम का भंडार मिला है और जिसके आक्शन की प्रक्रिया चल रही है, वहां से रेल लाइन शुरू होकर पाली, रतनपुर होते हुए तखतपुर, मुंगेली, होते हुए कवर्धा पहुंचेगी, वहां से खैरागढ़ और खैरागढ़ से यह रेल लाइन डोंगरगढ़ जाएगी और मुंबई हावड़ा मेन ट्रैक से जुड़ेगी। इस 295 किलोमीटर रेल लाइन से छत्तीसगढ़ के कम से कम 15 विधानसभा क्षेत्र लाभान्वित होंगे। श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होना चाहिए। एक तरफ कटघोरा में लीथियम का भंडार है, इसके बाद धर्मनगरी रतनपुर है, पाली और रतनपुर के बीच कोयले का भंडार है। इसके आगे कवर्धा है, जहां बाक्साइट का भंडार है। जब हमारा रेलवे नेटवर्क बनेगा तो निश्चित रूप से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और लोगों को सुविधा मिलेगी।



उन्होंने कहा कि इस संकल्प के माध्यम से वे केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि तत्काल इसके निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इस कार्य को आगे बढ़वाएं।

### गर्मी में पेयजल संकट पर ध्यानाकर्षण

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा में पेयजल संकट पर ध्यानाकर्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष गर्मी आने के पहले मार्च माह में ही सूखे की भयावह स्थिति निर्मित हो गई है। शिवनाथ सहित प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण नदियों का जलस्तर गिरता जा रहा है। छग में जल संकट का एक बड़ा उदाहरण हमने पिछले वर्ष देखा था, जब राजधानी सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में पेयजल उपलब्ध कराने वाले गंगरेल बांध को जल संकट का सामना करना पड़ा था और बांध की कुल क्षमता के मुकाबले सिर्फ 8 फीसदी पानी ही शेष बचा था। इसके साथ प्रदेश का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। इस पर जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री व पीएचई मंत्री अरुण साव ने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से जल स्तर ऊंचा कर सकेंगे, जहां तक पेयजल व्यवस्था की बात है तो विभाग पूरी तरह से सजग और सक्रिय है। पेयजल की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए ठोस और मजबूत कार्यवाही कर लगातार विभागीय स्तर पर इसकी समीक्षा की जा रही है। महीनेभर पहले से बातचीत कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागों को निर्देशित किया गया है।

रास गरबा, फूलों की होली, दादी की संपूर्ण जीवनी की प्रस्तुति ने मोहा मन

# नृत्य नाटिका के साथ श्री केड सती दादी का भव्य मंगल पाठ



नृत्य नाटिका की दी गई प्रस्तुति।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को झूलेलाल मंगलम तिफरा में श्री केडसती दादी का भव्य मंगलपाठ हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

श्री केडिया सभा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में केड सती दादी का भव्य एवं सुंदर दरबार बनाया गया। इसमें दादी को छप्पन भोग सवामनी का प्रसाद अर्पित किया गया। मधु केडिया एवं ग्रुप रांची और कोलकाता ग्रुप द्वारा श्री केडसती दादी का मंगलपाठ नृत्य नाटिका के साथ किया गया। इसमें रास गरबा, फूलों की होली, दादी की संपूर्ण जीवनी की नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद समाज के लोग।

### इनकी रही उपस्थिति

इस आयोजन के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा बिलासपुर के अध्यक्ष रामवतार अग्रवाल, सचिव विनोद मित्तल, विशिष्ट अतिथि केड सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद केडिया दिल्ली, राजकुमार केडिया जयपुर, मनीष केडिया,केडिया सभा छग के अध्यक्ष नवल केडिया, केडिया सभा छग महामंत्री प्रतीक केडिया, कोषाध्यक्ष अमित केडिया, संरक्षक बजरंग केडिया, जगदीश केडिया, हरिश चंद्र केडिया, श्रीनिवास केडिया अंबिकापुर, जगदीश केडिया अंबिकापुर, विश्वनाथ आदि मौजूद थे।



## डीबीटी सीएसआर योजना बनी एसईसीएल की सुश्रुत

**बिलासपुर।** एसईसीएल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 'एसईसीएल के सुश्रुत' के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह योजना भारत सरकार के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) पोर्टल पर सूचीबद्ध होने वाली कोयला मंत्रालय के तहत कोयला पीएसयू की पहली और एकमात्र सीएसआर योजना बन गई है।

डीबीटी पहल को भारत सरकार द्वारा लाभ और सब्सिडी के वितरण को सुधारने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे फंड ट्रांसफर किए जा सकें और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। वर्तमान में डीबीटी पोर्टल में 55 मंत्रालयों की लगभग 325 योजनाएँ सूचीबद्ध हैं, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों को कवर करती हैं।

वर्ष 2023 में शुरू की गई 'एसईसीएल के सुश्रुत' एसईसीएल की प्रमुख शैक्षिक सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को निःशुल्क मेडिकल कोचिंग प्रदान करना है। यह योजना छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कोयला खनन क्षेत्रों के मेधावी एवं वंचित वर्ग के 40 बच्चों को निशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान करती है। जिससे उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन मिल सके।

योजना के पहले बैच में 40 में से 39 छात्रों ने नीट 2024 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। इनमें से 11 छात्रों ने एमबीबीएस में, 2 ने बीडीएस में, 2 ने बीएएमएस में, 2 ने बीपीटीएच में और 2 छात्रों ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में वेटरनरी कोर्स में प्रवेश प्राप्त किया। डीबीटी पोर्टल में शामिल होने के साथ, 'एसईसीएल के सुश्रुत' योजना अब लाभार्थियों तक और अधिक कुशलता, पारदर्शिता और सुगमता के साथ लाभ पहुंच सकेगी।

## जिपं में तोड़ा गया जर्जर पुराना भवन, बनेगा नया हाल

**बिलासपुर।** जिला पंचायत का पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका था। इसलिए उस पुराने भवन को ढहा दिया गया है और उस जगह पर अब नया भवन हाल बनेगा। इसके साथ ही जिला पंचायत परिसर को बाउंड्रीवाल से घेरा जाएगा। इसके लिए पहले ही डीएमएफ से 20 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे।

जिला पंचायत में गढ़ कलेवा वाली जगह के बगल में पुराना भवन था। जो काफी जर्जर हो चुका था। सबसे पहले जिला पंचायत इसी पुराने भवन में लगता था और जिला पंचायत सीईओ के आफिस सहित मनरेगा शाखा, एनएलआरएम, नवा अंजोर, आवास आदि शाखा लगते थे। बाद में जिला पंचायत का बड़ा भवन बना, जिसमें ये सारे विभागों को शिफ्ट किया गया। जिला पंचायत सीईओ का आफिस भी नए भवन में शिफ्ट कर दिया गया था। कई सालों तक पुराने भवन में जिला पंचायत के कुछ-कुछ शाखा संचालित हो रहे थे, उसके बाद वह पुराना जर्जर भवन स्टोर का काम आ रहा था। दूसरी तरफ जिला पंचायत भवन में जगह की कमी पड़ने लगी है। क्योंकि सीईओ आफिस से लेकर एडीशनल सीईओ, एपीओ के आफिस एवं मीटिंग हाल, आवास शाखा, सर्वशिक्षा अभियान, एनएलआरएम आदि शाखा वहीं लग रहे हैं। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभापतियों का चेम्बर भी इसी भवन में हैं। उप संचालक पंचायत का आफिस भी अब न्यू कंपोजिट बिल्डिंग से जिला पंचायत परिसर में ही शिफ्ट हो गया है। इसलिए आफिस के लिए जगह कम पड़ने लगी थी। जिला पंचायत में नए भवन हाल के लिए डीएमएफ मद से पहले ही 20 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। इसलिए पुराने जर्जर भवन को ढहाया गया है और अब उस जगह पर नया भवन बनेगा, जिसमें जिला पंचायत के कुछ शाखा को शिफ्ट किया जाएगा। जिला पंचायत परिसर को बाउंड्रीवाल से घेरा भी कराया जाएगा।



### जगह की कमी होगी दूर

जिला पंचायत का सालों पुराना भवन जर्जर हो चुका था और उसका ज्यादा उपयोग नहीं हो रहा था। नए भवन, हाल के लिए डीएमएफ मद से पहले से राशि स्वीकृत हो चुकी थी इसलिए पुराने भवन को तोड़कर वहां पर नया भवन निर्माण कराया जा रहा है। इससे जिला पंचायत में जो जगह की कमी पड़ रही थी वह दूर हो जाएगी।

-संदीप अग्रवाल, सीईओ, जिपं

## इंजीनियरिंग कालेज में रंगारंग वार्षिकोत्सव

**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 17 मार्च से 19 मार्च तक संस्था के तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव कौशलम तथा वार्षिक खेल महोत्सव प्रवाह का आयोजन किया गया।

इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी, बौद्धिक, फन इवेंट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ विभिन्न खेलकूद गतिविधियों जैसे क्रिकेट, फूटबाल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम आदि का आयोजन किया गया।

संस्था में कौशलम तथा प्रवाह उत्सवों के सम्पन्न होने के उपरान्त 20 मार्च को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संस्था के पूर्व छात्र टीपीएस अरोरा व विशिष्ट अतिथि सुधीर गुप्ता, राज कुमार अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि राज्य में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय विभिन्न अकादमिक एवं गैर अकादमिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है। उन्होंने भविष्य में भी महाविद्यालय की इस प्रथा को कायम रखने का आह्वान किया।




मुख्य अतिथि श्री अरोरा ने छात्र छात्राओं को जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करते रहने एवं नई-नई चीज़ें सीखते रहने प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अग्रवाल ने अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा कर छात्रों का बहुमूल्य मार्गदर्शन किया। इस मौके पर विभिन्न तकनीकी गतिविधियों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ के विजयी छात्र छात्राओ को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया।

छात्र छात्राओ ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसमें प्राचार्य डॉ बी एस चावला, डॉ जीके अग्रवाल, डॉ अवनीश उपाध्याय, डॉ सीमा चौहान, डॉ केके सक्सेना, प्रो एस बी एस टेकाम सहित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**बोर्ड परीक्षाः 26 मार्च से शुरू होगा 10वीं-12 वीं का मूल्यांकन**

# 5.71 लाख परीक्षार्थियों की कापियों का 25 दिन में जांच करने का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मल्टीपरपस और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल को बनाया गया केंद्र

दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 26 मार्च से शुरू होगा। प्रदेश में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाएं गए हैं।

बिलासपुर में दो केन्द्र मल्टीपरपस स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल को बनाया गया है। माशिमं के मुताबिक बोर्ड परीक्षा में इस बार 5.71 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इसमें 10 वीं और 12 वीं के छात्र शामिल हैं। इनकी करीब 60 लाख कापियों को जांचने का काम अप्रैल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मई के दूसरे सप्ताह में बोर्ड के नतीजे भी जारी होने की संभावना है। दूसरी ओर जिन मूल्यांकनकर्ताओं को इस बार कापियों के जांचने के काम से बाहर किया गया है उनकी लिस्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और मूल्यांकन केंद्रों को भेज दी गई गई। ध्यान रहे कि इस बार माशिमं की बोर्ड परीक्षाएं एक मार्च से परीक्षा शुरू हुईं है। इसमें दसवीं की परीक्षा 24 मार्च तक और बारहवीं की 28 मार्च तक चलेंगी। हालांकि, मुख्य विषयों की परीक्षा 24 मार्च तक समाप्त हो जाएगी। इस वजह से मूल्यांकन का काम शुरू किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचने में 20 से 25 दिन का समय लगेगा। इसके बाद फिर रिजल्ट तैयार करने में भी कुछ दिन लगेंगे। इसे लेकर मई में ही रिजल्ट जारी होने की संभावना है। ध्यान रहे कि पिछले कुछ वर्षों से दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट बढ़ रहा है। पिछली बार यानी सीजी बोर्ड एग्जाम 2024 में दसवीं का रिजल्ट 75.61 प्रतिशत और बारहवीं का 80.74 था।



### स्टेपवाइज मार्किंग से रोकेंगे गड़बड़ी

अधिकारियों के मुताबिक मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ताओं को स्टेपवाइज मार्किंग सिस्टम के तहत बच्चों को अंक देना होगा। कुछ साल तक मूल्यांकनकर्ता परीक्षार्थियों द्वारा लिखे गए जवाब में लाइन की संख्या देखकर ही अंक देते थे। ऐसे में औसतन अंक देने से बेहतर तरीके से जवाब लिखने वाले मेधावियों को नुकसान हो रहा था, वहीं कुछ बिना वजह ही अच्छे अंक भी पा रहे थे। इस बार हर विषय में स्टेप-बाई-स्टेप अंक तय हैं।

### बनाए गए हैं दो केंद्र

दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 26 मार्च से शुरू होगा। प्रदेश में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। बिलासपुर में दो केन्द्र मल्टीपरपस स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल को बनाया गया है। माशिमं के मुताबिक बोर्ड परीक्षा में इस बार 5.71 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इनकी कापियों की जांच होगी।

- श्रीमती संगीता गंगोत्री
संभागीय अधिकारी, माशिमं

### नवीन कन्या महाविद्यालय में कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आई क्यू.ए.सी के तत्वाधान में कार्यालयीन स्टॉफ के लिए कम्प्यूटर कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एल.एन. दुबे ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण होने से कर्मचारियों की कुशलता में वृद्धि होती है एवं नैक मूल्यांकन में उच्चत्तर ग्रेड प्राप्त होता है। मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. के.के. भण्डारी का रहा। आई क्यू.ए.सी प्रभारी डॉ. आरके पटेल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष रखा। प्रथम सत्र में नाईसटेक कम्प्यूटर संस्थान के तमेश रजक ने कम्प्यूटर से संबंधित आधारभूत जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में प्रो विवेक तिवारी सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर विभाग ने सरल शब्दों में कम्प्यूटर के सहज प्रयोग, यूनीकोड़ भाषा में कम्पयूटर टाईपिंग, गूगल डाक आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका महोबिया एवं आभार प्रदर्शन डॉ सुरेश कुमार पटेल ने किया।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह 25 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत बिलासपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन सह शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को आयोजित किया गया है। स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति ऑडिटोरियम में दोपहर 2.30 बजे से समारोह शुरू होगा। सम्मिलन की अध्यक्षता नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव शामिल होंगे। विशेष अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, जिला शहर अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल शामिल होंगे।

### अखिल भारतीय बैंक हड़ताल स्थगित

**बिलासपुर।** 24 एवं 25 मार्च को होने वाली अखिल भारतीय बैंक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल ने बताया कि मार्च क्लोजिंग में आमजनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों ने आज नई दिल्ली में डीएफएस से मिलकर पांच दिनों का बैंकिंग कार्य सप्ताह, पेंशन अपडेशन आदि कई महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक विचार करने का अनुरोध करते हुए 24-25 मार्च की अखिल भारतीय बैंक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### पदग्रहण करते ही सचिव गए हड़ताल पर

**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होते ही ग्राम पंचायतों में प्रथम विशेष सम्मिलन हुआ है, जिसमें उप सरपंच का चुनाव हुआ और नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का पदभार ग्रहण हुआ। नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के पदभार के बाद से पंचायत सचिवों का हड़ताल शुरू हो गया है। पंचायत सचिवों के हड़ताल की वजह से नए पंचायत प्रतिनिधि पंच-सरपंच पंचायतों के कामकाज भी ठीक तरह से समझ नहीं पाए हैं। पंचायत सचिव संघ की पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की पुरानी मांग है, जिसे लेकर पंचायत सचिव फिर से आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर 18 मार्च से पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गया है। पंचायत सचिवों ने मोदी की गारंटी याद दिलाते हुए शासकीयकरण की एक सूत्रीय मांग सरकार के सामने रखा है। पंचायत सचिव संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिसके तहत 17 मार्च को विधानसभा का घेराव के लिए पंचायत सविच रायपुर गए थे और उसके बाद 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल चालू हो गया है। इसके बाद 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

### रिवाल्वर समेत नशे का कारोबारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गुरुवार को रिवाल्वर और कारतूस के साथ पकड़ा गया जिलाबदर आरोपी नशे का भी व्यापार करता था। पुलिस ने आरोपी से 60 नगर नशीला सिरप बरामद किया है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली थी कि तालापारा घोड़ादाना स्कूल के पास बिना नंबर का स्पेंलडर बाइक में 2 लोग नशीली सिरप रख ग्राहक की तलाश कर रहे है। पुलिस के दो जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से प्रतिबंधित 60 नग नशीली सीरप बरामद की गई। वहीं जींस के पीछे जेब में देशी रिवाल्वर व एक नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की जिसमें आरोपियों ने अपना नाम कबूला लिया है। आरोपी कमल साहू उर्फ छोटा, विक्की पांडेय उर्फ भूपेंद्र दोनो निवासी पुराना बाजार काली मंदिर के पास सकरी के रहने वाले हैं और पुलिस की कार्रवाई के बाद विक्की पांडेय को जिला बदर किया जा चुका है। कार्रवाई में टीआई सुम्मतराम साहू, एसआई विष्णु यादव, एसआई ओमप्रकाश कुर्रे, प्रधान आरक्षक विकास सेंगर, आरक्षक शशिकांत जायसवाल, मनोज साहू, रंजीत खलखो,हितेश जोशी, बृजनंदन साहू का सहयोग रहा।

**150 के करीब होती हैं रजिस्ट्री, दिन भर में 30 पंजीयन**

**सर्वर स्लो के कारण पंजीयन के लिए परिवार सहित आए लोग हुए परेशान**

# रजिस्ट्री आफिस का सर्वर प्रदेश भर में ठप, बिलासपुर में ही एक दिन में 50 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रजिस्ट्री आफिस का सर्वर शुक्रवार को प्रदेश भर में ठप हो गया है। इससे मार्च क्लोजिंग के समय होने वाली अधिकतम रजिस्ट्रियों पर असर पड़ा है। सिर्फ बिलासपुर जिले में ही एक दिन में 50 करोड़ रुपए का पंजीयन नहीं हो सका।

बिलासपुर पंजीयन आफिस में ही जहां एक दिन में 150 के करीब रजिस्ट्रियां होती हैं वहां बड़ी मुश्किल से दिन भर में 30 संपत्तियों की खरीदी बिक्री हो सकी है। इस सर्वर स्लो के कारण पंजीयन के लिए परिवार सहित आए लोग काफी परेशान हुए। इस गर्मी और उमस में लोगों के पास बैठने तक की जगह नहीं थी। कई रजिस्ट्रियां तो रद्द करनी पड़ी और लोगों को वापस होना पड़ा। यह सभी रजिस्ट्रियां अब सोमवार को होंगी। रजिस्ट्री आफिस के सर्वर ने शुक्रवार को दिन भर परेशान किया। सुबह से ही सर्वर इतना स्लो काम कर रहा था कि लोगों को स्लाट बुकिंग में भी परेशानी हो रही थी। बड़ी मुश्किल से लोगों को स्लाट मिला तो फोटो खिंचाने और डिजिटल सिग्नेचर में घंटो लग रहे थे। ओटीपी वेरिफिकेशन में भी दिक्कतें रहीं।

लोगों को दिन भर इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। रजिस्ट्री आफिस के लोगों के मुताबिक सामान्य दिनों में 120 के करीब पंजीयन रोजाना होते हैं। मार्च महीने में इसकी संख्या 150 के करीब हो जाती हैं लेकिन शुक्रवार को सर्वर की समस्या के कारण बड़ी मुश्किल से 30 रजिस्ट्री हो सकी।



सर्वर डाउन होने से पंजीयन कराने लोगों की लगी रही भीड़।

### पंजीयन आफिस में लगी रही भीड़

आम तौर पर एक रजिस्ट्री में 15 से 20 मिनट का ही समय लगता है लेकिन सर्वर स्लो के कारण दिन भर परेशानी हुई। इससे रजिस्ट्री आफिस में भीड़ लगी रही और लोग इंतजार करते रहे। गौरतलब है कि मार्च में जमीनों की खरीदी बिक्री बढ़ जाती है लेकिन पिछले चार पांच दिनों से सर्वर की परेशानी चल रही है। चिंगराजपारा निवासी विनोद यादव ने बताया कि प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए 12 बजे का स्लॉट लिया था लेकिन तीन बजे तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। इसकी वजह शुक्रवार को बार-बार सर्वर डाउन होना बताया गया। प्रॉपर्टी की खरीदी बिक्री के लिए चार घंटे से अधिक तक इंतजार भी करना पड़ा।

### जिले को इस बार 470 करोड़ का टारगेट

ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार पांच साल तक रजिस्ट्री का टारगेट बढ़ाती रही है क्योंकि हर साल रिकार्ड रजिस्ट्री से राजस्व मिलता रहा। पिछले साल भी 350 करोड़ से ज्यादा का लक्ष्य दिया गया था, जिसे बिलासपुर पंजीयन विभाग ने पार कर दिया था। इस साल इस टारगेट को और बढ़ा दिया गया और इसे 470 करोड़ रुपए कर दिया गया है। हालांकि अभी तक 292 करोड़ 18 लाख 54 हजार रुपए की रजिस्ट्री हुई है। इसे देखते हुए अगले 10 दिनों में टारगेट तक पहुंचना मुश्किल लग रहा है। इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि टारगेट को कम करने पर विचार किया जा रहा है।

### दूर कर ली गई है गड़बड़ी

पंजीयन विभाग में सर्वर की समस्या पूरे प्रदेश में रही है। इस कारण परेशानी तो हुई है। इसकी जानकारी भी दे दी गई थी। इसे देर शाम ठीक कर लिया गया था।

**- आरआर स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

**चारों तरफ की सड़कें होंगी 120 फीट चौड़ी, दोनों तरफ फुटपाथ भी बनाया जाएगा**

# बसंत विहार चौक होगा चौड़ा, गार्डन के साथ वेंडिंग जोन भी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वसंत विहार चौक से अपोलो चौक और यहां से हॉस्पिटल होते हुए मानसी लॉज तक का कब्जा निगम की टीम ने तीन दिनों की कार्रवाई में हटा दिया है। अब यहां 8 करोड़ में विभिन्न योजनाओं को लांच किया जाएगा। इसमें बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा तो इसके बगल से ही वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसकी योजना बना ली गई है। इसके साथ ही वसंत विहार से अपोलो चौक तक 120 फीट सड़क बनेगी। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। इसके लिए 8 करोड़ रुपए की राशि खर्च किए जाने की बात कही जा रही है। ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए अपोलो हॉस्पिटल की सड़क डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। निगम आयुक्त अमित कुमार शनिवार की सुबह मौके का निरीक्षण करते हुए पूरी योजनाओं को अंतिम रूप देंगे। इसके लिए निगम के इंजीनियरों के साथ ही आर्किटेक्ट को भी उपस्थित रहने कहा गया है।

- बसंत विहार चौक से दयालबंद पुल सड़क होगी चौड़ी

ध्यान रहे कि मास्टर प्लान में वसंत विहार तिराहे से दयालबंद पुल तक सड़क 120 फीट और अपोलो हॉस्पिटल के सामने की सड़क 80 फीट चौड़ी है। अतिक्रमण करते हुए लेकिन दुकानें और मकानें बना ली गई हैं। इस कारण आसपास की सभी सड़कें बेहद संकरी हो गईं हैं। इस वजह से सालों से इस सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही थी। खासकर अपोलो हॉस्पिटल जाने मरीजों को बाने परेशानी उठानी पड़ती थी। बेजा कब्जा करने वालों को कई बार नोटिस जारी हो चुका था लेकिन राजनैतिक संरक्षण में कोई कार्रवाई नहीं हा पा रही थीं। हाईकोर्ट ने जब संज्ञान लिया तो निगम और प्रशासन हरकत में आया। अब तीन दिनों में अतिक्रमण का बड़ा हिस्सा हटाया जा चुका है। कुछ कार्रवाई और मलबा हटाने का काम बाकी है।



अपोलो चौक से मानसी लॉज तक निगम ने अतिक्रमण हटाया है।

### मास्टर प्लान के हिसाब से बनेगी सड़क

अब नगर निगम अपोलो के सामने की सड़क पर बेहतर ट्रैफिक के लिए डिवाइडर बनाकर दोनों और 40-40 फीट की सड़क बनाएगा। निगम का कहना है कि मास्टर प्लान के हिसाब से यहां सड़क बनेगी। वसंत विहार चौक से अपोलो चौक तक 120 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। चौक से दाई और बाई ओर 60-60 फीट चौड़ी सड़क होगी, 20-20 नाली और फुटपाथ समेत यह 80-80 फीट चौड़ी होगी। इसके साथ ही अपोलो चौक से दयालबंद पुल और अपोलो हॉस्पिटल-मानसी लॉज से आगे चिंगराजपारा होते हुए रपटा तक कब्जे हटाए जाएंगे। मास्टर प्लान के अनुसार यहां भी 80 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएंगी। इससे वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक शहरवासियों को 120 फीट चौड़ी सड़क मिलेगी। इधर मानसी लॉज के आगे सड़क अमरैया चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी होते हुए रपटा में जाकर जुड़ेगी।

### बनेगी 80 फीट चौड़ी सड़क

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा के मुताबिक मौके पर किसी ने 80 फीट चौड़ी सड़क में किसी ने 30 तो किसी ने 40 फीट तक कब्जा किया हुआ था। कई लोगों ने 10 से 15 दुकानें भी बना ली थी और किराए पर चढ़ा दिया था। इन सभी कब्जों को तोड़ दिया गया है। हालांकि कई बार विवाद की स्थिति बनी लेकिन संभाल लिया गया। जोन कमिश्नर ने बताया कि अपोलो चौक से मानसी लॉज तक सड़क चौड़ीकरण के लिए साल भर पहले ही टेंडर हो चुका है। ठेकेदार को 80 लाख रुपए का वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। अब बाधा दूर होने के बाद चौड़ीकरण का काम शुरू होगा। फुटपाथ और नाली के लिए अलग से टेंडर किया जाएगा।

### सड़कें हैं महत्वपूर्ण

सबसे पहली प्राथमिकता उस क्षेत्र में चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा, क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

**- अमित कुमार**, निगम आयुक्त

**सीसी रोड, नाली निर्माण के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी**

# पुलिस ने आरोपी दंपती को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत में नल उत्खन्न, नाली निर्माण के लिए गांव की महिलाओं के बैंक खाते से 51 लाख 87 हजार रूपए का लोन निकालकर फरार होने वाले आरोपी पति और पत्नि को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पुलिस ने 10 लाख से अधिक की संपत्ति और 30 से अधिक एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

- आरोपियों ने ग्रामीणों को लगाया चूना, लोन लेकर हो गए थे फरार

मामले के अनुसार प्रार्थिया गायत्री सूर्यवंशी पति संजय सूर्यवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम पोंड़ी ने सीपत थाने रिपोर्ट कराई थी। जिसमें आरोपी प्रमिल दास मानिकपुरी पिता स्व कपिल दास उम्र 52 साल और रंजना दास मानिकपुरी पति प्रमिल दास उम्र 41 साल द्वारा गांव में नल उत्खनन, नाली निर्माण, सीसी रोड, तालाब उत्खनन के लिए गांव की महिलाओं के नाम फर्जी तरीके से बैंकों लोन लिया गया था। लोन की रकम 51 लाख 87 हजार रूपये थी और आरोपी पति पत्नि महिलाओं से धोखधड़ी कर रफूचक्कर हो गए थे।



टीआई ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों की दी, जिसके बाद टीआई गोपाल सतपथी द्वारा टीम बनाई गई और सायबर सेल की मदद ली गई। इस दौरान पता चला कि आरोपी सेंदरी बायपास के आसपास मौजूद है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी पति और पत्नि को पकड़ लिया।

आरोपियों के मेमोरेंडम कथन लिया गया। आरोपियों ने बताया कि धोखाधड़ी की रकम से ढाई लाख की बुलेट, 7 लाख की कार, 50 हजार की टीवी और 75 हजार की आईफोन खरीदी की गई। पुलिस ने आरोपियों से 10 लाख 75 हजार की संपत्ति बरामद की गई है। वहीं पुलिस को पुछताछ में 30 एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड ,मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, विभिन्न बैंकों के पास बुक एवं लोन संबंधी दस्तावेज भी मिले हैं।

### हमले का चौथा फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोयला स्कूल के छात्र पर हुए चाकू से हमले के मामले में सरकंडा पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार लक्ष्य कश्यप लोयला स्कूल का छात्र है और कक्षा 9वीं में पढ़ाई करता है। 29 जनवरी को उसके भाई श्रीजय कश्यप लक्ष्य को लेने स्कूल गए थे। इस दौरान आरोपी कान्हा साहू ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। मामले में अन्य दोस्तों ने भी प्रार्थी के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी हर्ष उपाध्याय, समीर साहू, अमित सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आरोपी नकुल यादव व अन्य फरार थे, जिसकी पतासाजी जारी थी। पुलिस को सूचना मिली की आरोपी नकुल यादव ऊर्जा पार्क के पास घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया है, शुक्रवार को उसे जेल दाखिल किया गया।

MARUTI SUZUKI
आवश्यकता है
सिक्युरिटी गार्ड-06 पद
ड्राइवर-5 पद
सर्विस एडवाइजर- 3 पद
कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव- 4 पद (महिला)
अनुभवियों को प्राथमिकता
इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र के साथ 22 मार्च 2025 को समय 11 से 3 बजे संपर्क करें
सत्या ऑटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर (छ.ग.)
नोमन सिन्हा- मो. 9098750248
email- noman.sinha@teamsatya.in

# आनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर बैठे आनलाइन जॉब के माध्यम से लाखों रूपए कमाने का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रूपए की ठगी करने वाले गैंग के 3 सदस्यों को पकड़ने में बिलासपुर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। इस दौरान पुलिस ने मोपका निवासी प्रार्थी सौरभ साहू के साथ हुई धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है और आरोपियों से कई राज उगलवाए हैं। खास बात यह है कि साइबर ठगों के जाल पर पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है।

मामले के अनुसार मोपका विवेकानंद नगर निवासी सौरभ साहू पेशे से बेमेतरा में शिक्षक हैं। उन्होंने सरकंडा थाने में अपने साथ हुई ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर 2024 में व्हाट्सएप्प नं 7400820751, 9600593974, 7330828658 के माध्यम से ज्योतिकृष्णा, एडवाईजर हेल्सबर्ग, एडवाईजर हर्सद नामक व्यक्ति द्वारा ऑनलाईन पार्ट टाईम का ऑफर देकर सौरभ के साथ धोखाधड़ी की गई थी। इस दौरान सौरभ ने मुनाफा कमाने के लालच में हेल्सबर्ग नामक वेबसाईट में रूपए इन्वेस्ट करते हुए 48 लाख 91 हजार रूपए गंवा दिए थे। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान जानकारी मिली कि आरोपी भिवंडी जिला थांणे अंतर्गत शांतिनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई और निरीक्षक विजय चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाकर भिवंडी जिला थाणें रवाना की गई।

टीम ने तीन दिनों तक आरोपियों के संबंध में पतासाजी की गई, इस दौरान आरोपी अंसारी मेराज, मोहम्मद अकरम, अंसारी फुजैल अहमद, शाकिब अंसारी के संबंध में जानकारी मिली कि तीनों ऑनलाईन ठगी का काम करते है और लंबे समय से इसमें शामिल हैं।



आनलाइन ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### इस तरह फंसाते थे ठगी के जाल में

साइबर पुलिस ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया गया और तीनों से पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि आरोपियों के द्वारा ऑनलाईन गेमिंग, ट्रेडिंग, वर्क फ्राम होम, रेटिंग रिव्यू, बीमा पॉलिसी तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे कामों में फंसाकर और अधिक रूपया कमाने का लालच देकर अपने जाल में फांसे हैं और ऑनलाइन ठगी करने में फर्जी सिम व बैंक खाता, टेलीग्राम तथा बायनेंस ग्रुप द्वारा रूपयों का आहरण करते हैं। आरोपियों ने बताया कि फर्जी बैंक खाता व सीम कार्ड की आवश्यकता होने पर टेलीग्राम ग्रुप तथा बायनेंस ग्रुप के माध्यम से विभिन्न राज्यों से बैंक खाता 50 हजार रूपये देकर बनवाते थे और 1 हजार में सिम कार्ड कूरियर के माध्यम से प्राप्त कर लेते थे। ठगों के द्वारा आसपास के दुकानों से 5 हजार रूपए में मोबाइल फोन खरीदा जाता था। पुलिस के पूछताछ में पता चला है कि आरोपी आरोपी शाकिब अंसारी द्वारा ठगी की राशि से भिवड़ी, खण्डुपारा में 400 वार जमीन 65 लाख में खरीदी गई है। उक्त राशि को होल्ड कराने संबंधित बैंक को पत्राचार किया गया है

### आरोपियों को भेजा गया है जेल

मामले में भिवंडी थाना शांतिनगर थाणे महाराष्ट्र निवासी शाकिब अंसारी पिता अशफाक अंसारी उम्र 27 वर्ष, आमपाड़ा निजामपुरा थाणे महाराष्ट्र निवासी अंसारी मेराज मोहम्मद अकरम पिता मोहम्मद अकरम उम्र 20 वर्ष, मौलाना आजाद नगर मुन्ना सेठ बिल्डिंग निजामपुर भिवंडी निवासी अंसारी फुजैल अहमद पिता जीमल अहमद उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# बदला लेने शहर आया आरोपी, चाकू के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली के दौरान हुई मारपीट के बाद फरार आरोपी बदला लेने की नियत से शहर में घूम रहा था, इसकी भनक पुलिस अधिकारियों को लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से धारदार चाकू भी बरामद किया गया है।

पुरानी रंजिश को लेकर होली के दिन प्रार्थी संजय कुमार विश्वकर्मा और आरोपी अनीश यादव के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर संजय कुमार को बेसबाल से पीट दिया। घटना के बाद आरोपी फरार था। बताया जा रहा है कि आरोपी निपनिया में छिपा था। घटना के बाद आला अधिकारियों ने एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल और सीएसपी निमितेश सिंह के निर्देश पर सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने टीम का गठन कर आरोपी की तलाश जारी रखी। इस दौरान शुक्रवार को बदला लेने की नियत के साथ आरोपी घुमता रहा, पुलिस को इसकी भनक पड़ गई। सिरगिटटी पुलिस की सक्रियता से आरोपी अनिश यादव को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार

क्षेत्र में चाकू दिखा भयादोहन करने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बटनदार चाकू बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि तारामंडल, भारतीय नगर के पास एक बदमाश अपने हाथ में धारदार चाकू से सरेराह आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश से चाकू को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले में सांई विहार मोपका निवासी आरोपी चीना उर्फ दीपक पिता स्व राकेश पांडेय उम्र 35 साल को गिरफ्तार किया है।

### युवक पर जानलेवा हमला

होली के दिन हुए मामूली विवाद के बाद आरोपी ने मौका पाकर शुक्रवार को युवक पर चाकू से हमला कर दिया। । सिविल लाइन टीआई सुम्मत साहू ने बताया कि घुरू अमेरी निवासी आकाश यादव और तिफरा निवासी आरोपी आदि के बीच होली के दिन विवाद हुआ था। इसके बाद से आरोपी आदि मौके के तलाश में था गुरूवार की रात आकाश किसी काम से भारतीय नगर चौक गया था, इस दौरान दोनों आमने सामने हो गए। मौका पाकर आदि ने चाकू से हमला कर दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
स्पेशल ट्रेन से - 14 जुलाई से 24 जुलाई 2025 (11 दिन)
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

21-MAR--REGNOL-pg-3-ALTOR_Layout 1 3/22/2025 12:17 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर में किरण का चयन



**लोरमी।** ग्राम बंधवा की कक्षा 11वीं की विज्ञान संकाय की छात्रा किरण कोशले का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्यस्तरीय सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय केशवपुर अंबिकापुर में 21 से 27 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में प्रदेश भर के स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। छात्रा के चयन पर विद्यालय के प्राचार्य सीएस कोशले, त्रिलोक कोसले, मधु मिरी, गोविंद नवरंग, धनेश्वरी खांडे, सेवती साहू, विरेंद्र साहू, गजेंद्र गर्ग, राजीव कोशले, राखी नेताम, मासूम कोशले ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गौरेला नपा में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**गौरेला।** नगरपालिका परिषद गौरेला के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन शुक्रवार को नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा की मौजूदगी में किया गया। वार्ड नं 2 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड नं 3 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड नं 10 में रानी दुर्गावती स्टेच्यू परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य, वार्ड नं 11 में भट्ठा टोला में सीसी रोड निर्माण कार्य संपन्न कराए जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, कुलदीप सिंह धीरज, पार्षद मनोज विश्वकर्मा, आयुष सोनी, अविनाश टूडु , इंजीनियर स्वप्निल मिश्रा, भाजपा नेता तापस शर्मा, अशोक सोनी, मनीष गहलोत, अमित गुप्ता, अख्तर अली मौजूद थे।

### डीएवी में किंडर गार्डन वर्ग के लिए मना ग्रेजुएशन डे



**पथरिया।** डीएवी पब्लिक स्कूल जरेली में किंडर गार्डन वर्ग कक्षा एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें चारों कक्षा में टॉप 10 में अपना स्थान निर्धारित करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, मार्कशीट तथा अभिभावकों को विद्यालय का कैलेंडर प्रदान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पंचायत पथरिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू रहे। साथ ही इंद्रजीत यादव, बलराम जायसवाल, प्राचार्य समीर मंडन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य समीर मंडन ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम के अंत में हिंदी अध्यापक पुरेंद्र सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भव्य श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन




**बेलतरा।** नेवसा में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक महाराज गौरव जोशी जी ने श्रद्धालुओं को भक्त प्रह्लाद, विदुर, सती चरित्र और भगवान नरसिंह अवतार की पावन कथा का श्रवण कराया। महाराज जी ने बताया कि भक्त प्रह्लाद की भक्ति अडिग थी, जिसे देखकर स्वयं भगवान विष्णु को नरसिंह अवतार धारण करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति कभी हारती नहीं, भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं। विदुर चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज जी ने समझाया कि सच्ची भक्ति का मापदंड वैभव नहीं, बल्कि हृदय की शुद्धता है। श्रीकृष्ण ने राज महल छोड़कर विदुर के घर जाकर भोजन किया, क्योंकि विदुर का प्रेम निश्छल था। महाराज जी ने सती चरित्र का वर्णन हुए कहा कि माता सती ने अपने पति भगवान शिव के अपमान को सहन न करते हुए योगाग्नि में देह त्याग दिया, जिससे दक्ष यज्ञ का विध्वंस हुआ। इसके बाद शिव-पार्वती विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर भक्त भावविभोर हो गए। महाराज जी ने बताया कि भगवान नरसिंह ने प्रह्लाद की रक्षा के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया, जिससे यह सिद्ध होता है कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा, भगवान अवश्य अवतार लेंगे। कथा के दौरान मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

### कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण हेतु शिविर का आयोजन

**लोरमी।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एग्रीस्टेक परियोजना के तहत कृषकों का कृषि भूमि पहचान पत्र बनाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसीलदार शेखर पटेल एवं लालपुर तहसीलदार मेहतर कौशिक ने समस्त राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों की बैठक आयोजित कर ग्रामों में आयोजित होने वाले शिविरों में कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण की प्रक्रिया को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र कृषकों के पहचान पत्र शीघ्रता से बनवाने के निर्देश दिए। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि कृषक पंजीयन प्रणाली पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषि अनुदान, बीमा और अन्य सहायता योजनाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। यह प्रणाली किसानों के लिए एक डिजिटल डेटाबेस तैयार करेगी, जिससे उनके कृषि अभिलेखों का डिजिटलीकरण होगा और बार-बार केवाईसी कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गौरतलब है कि इस परियोजना का उद्देश्य पूरे देश में कृषि भू-स्वामियों का एक व्यापक और एकीकृत पंजीकरण तैयार करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंच सके। कृषक अपना पंजीयन स्वयं, स्थानीय युवा, सीएससी के माध्यम से करा सकते हैं।

## आगर नदी सूखी: ग्रामीणों को होने लगी निस्तारी की समस्या

# ट्यूबवेल के पानी पर निर्भर हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



सूखी नदी में क्रिकेट खेलते बच्चे।

अभी क्षेत्र में गर्मी की ठीक से शुरूआत भी नहीं हुई है और नदी-नालों के कंठ सूखने लगे हैं, जिसकी वजह से निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। अंचल में गर्मी की आहट से जल स्तर सैकड़ों फीट नीचे चला गया है एवं पेयजल संकट के साथ निस्तारण के लिए तालाब एवं नदी में पानी नहीं होने से लोगों की समस्याएं बढ़ने लगी है।

ताजा मामला ग्राम खपरीकला का है, जहां की आगर नदी में पानी नहीं होने से यहां बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आ रहे हैं। निस्तारी के लिए नदी में पानी रोकने के लिए एनीकट बनाया गया है, लेकिन एनीकट की मशीनरी खराब होने की वजह से एनीकट में भी पानी नहीं रूक रहा है। हालात ऐसे हैं कि गांव मे अगर की किसी की मृत्यु हो जाए तो ट्यूबवेल से पानी खींचकर निस्तारी के लिए नदी के गड्ढों को भरा जाता हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार अधिकारियों को जानकारी दे चुके हैं। हालांकि अधिकारी तो मौके का जायजा लेने पहुंचते हैं लेकिन एनीकट को बनाने का काम नहीं शुरू हो सका है। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल एनीकट की मरम्मत के साथ-साथ खुड़िया जलाशय से पानी आगर नदी में छोड़ा जाए। साथ ही जब तक नदी में पानी नहीं है, तब तक गांव में सुख-दुख के काम में टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाए। गौरतलब है कि खपरीकला में प्राणकापा जाने के मार्ग पर आगर नदी में कुछ साल पहले ग्रामीणों की मांग पर एनीकट बनाया गया था। एनीकट के बनने से ग्रामीणों को बहुत लाभ हुआ है, निस्तारी की समस्या दूर होने के साथ-साथ पानी का लेवल भी बढ़ा है लेकिन विभागीय निर्माणाधीन पानी टंकी का काम महीनों से रूका है। ग्रामीणों के घर तक जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंचाने के उद्देश्य से पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार का कार्य शासन द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन ग्राम खपरीकला में इसका लाभ नहीं मिल रहा है।



अधूरी बनी पानी टंकी।

#### होगा समस्या का निदान

क्षेत्र में सर्वे कराकर तत्काल समस्या का निदान कराया जाएगा।

- अजीत पुजारी, एसडीएम

#### नहीं मिल रहा पानी

ग्राम खपरीकला में एक तरफ नदी सूख गई है, तालाब में भी पानी नहीं है एवं दूसरी ओर शासन की योजना के माध्यम से पानी भी नहीं मिल रहा है। उदासीनता के चलते अब एनीकट का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। दरअसल ग्राम प्राणकापा और खपरीकला के बीच आगर नदी पर बने एनीकट की मशीनरी खराब हालत में है, जिसे मरम्मत की दरकार है। लेकिन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। एनीकट की मशीनरी खराब होने के कारण एनीकट में पानी नहीं रूक रहा है और आगर नदी में ऊपर से पानी नहीं आने के चलते ग्राम खपरीकला में नदी पूरी तरह सूखने के कगार पर पहुंच चुका है।

#### कीचड़युक्त पानी

वर्तमान में जो पानी दिख रहा है वह भी कीचड़ युक्त है, जिससे लोग न नहा सकते और न ही मवेशी पानी पी सकते हैं। आलम ये हो गया है कि अब ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एनीकट का लॉक खराब हो चुका है चाबी भी ठीक नहीं है जिसके चलते एनीकट में पानी नहीं रूक रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम खपरीकला में एनीकट में पानी भरने के कारण नदी के ऊपर हिस्से में ग्राम सहसपुर चिल्फी कापादह आदि गांव के नदी में पानी रुकता है जिससे ग्रामीण निस्तारी करते हैं। साथ ही मवेशियों को भी पानी यहीं से मिल पाता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में एनीकट में पानी नहीं होने के कारण उक्त सभी गांव में निस्तारी की समस्या शुरू हो चुकी है।

## नपा कर्मियों ने की आगर नदी की साफ-सफाई



नदी की सफाई करते जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी।

**मुंगेली।** शासन द्वारा 30 मार्च तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नपा के अधिकारी–कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शुक्रवार को आगर नदी में सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान के तहत तीन टन प्लास्टिक कचरा नदी से निकाला गया। यह अभियान 30 मार्च तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने नागरिकों से नदी की स्वच्छता को बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि आगर नदी मुंगेली शहर की जीवनदायिनी है और इसकी स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी ने बताया कि इस विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार की पहल के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगर की स्वच्छता को बढ़ावा देना है। स्वच्छता कार्यक्रम में नपा के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### नपं में स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई

**सरगांव।** नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उसी क्रम में सीएमओ घनश्याम शर्मा नगर के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ वार्डों की साफ सफाई का निरीक्षण किया। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, झाड़ू लगाने और नालियों की सफाई जैसे कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। सफाई कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए सफाई प्रभारियों को सीएमओ ने आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि वे निर्माण और अन्य मलबे को सीएनडी सेंटर या एसएलआरएम केंद्र के पास निर्धारित स्थान पर डंप करें। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नालियों, खुले प्लॉट, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और निजी प्लॉटों पर कचरा या मलबा फेंकने से बचें। इसके अलावा सभी स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आरआर सेंटर के माध्यम से नागरिकों को रेड्यूस, रीयूज और रिसायकल की नीति अपनाने का आग्रह किया गया है।



### बिल्हा नपं में महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**बिल्हा।** बिल्हा नपं द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पंचायत अधिकारी प्रवीण सिंह, अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की शुरुआत मुक्तिधाम से की गई। इस स्वच्छता अभियान के तहत अंदर की ओर जाने वाली सड़कों की सफाई, पेड़ों को बांध कर व्यवस्थित करना, पानी डालना, जमीनों को जेबीसी से समतल करने का रोडमैप तैयार किया गया। इस मौके पर पार्षद मोहन ढोरीया, राजेश शर्मा, रामकली कुम्हार, लखीराम, ध्रुव लाल यादव, सरस्वती डहरिया, बंसीलाल रात्रे, लक्ष्मी निषाद, तारा रामानी, देवव्रत साहू, विमल मानिकपुरी, गोल्डी पंजवानी, अमृतलाल, सुकांति रात्रे, यशवंत सिंह, नरेंद्र दुबे ने भी अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। साथ ही नगर के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ आरसी अग्रवाल, महेश बिंदल, बजरंग अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज मंगल, बलदेव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजू रामानी, महेश माखीजा, घनश्याम डहरिया, सत्यनारायण शर्मा, बबलू शर्मा,लक्ष्मी चंद शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, अगरमन मानिकपुरी आदि भी उपस्थित रहे।




## साइबर ठगों को म्यूल एकाउंट उपलब्ध कराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** कमीशन के लालच में खुद के बैंक एकाउंट को सायबर ठगों को सौपने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। म्यूल एकांउट में 1 करोड़ 30 लाख रुपए का लेन–देन करने पर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

नगर में इन दिनों म्यूल खातों का उपयोग जोरों से किया जा रहा है। पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। एसपी भोजराम पटेल ने निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधियों द्वारा ठगी से प्राप्त रकम के लेन देन के लिए विभिन्न व्यक्तियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इन खातों की जांच में कई बैंक शाखाओं में पांच लाख छिहत्तर हजार रुपये का संदिग्ध लेन देन सामने आया था। पुलिस ने म्यूल खाताधारकों का बैंको से स्टेटमेन्ट प्राप्त कर अवलोकन किया। खाताधारकों को पूछताछ करने पर संजीव जांगड़े ने लालच में आकर धोखाधड़ी में उपयोग करने हेतू बैंक खाता, आधारकार्ड, एटीएम, मोबाइल नंबर को ईश्वर घृतलहरे को 12 हजार रुपए में ब्रिकी करना, ईश्वर द्वारा 10 हजार रूपये कमीशन लेकर सेवक को ब्रिकी करना, फिर सेवकराम साहू के द्वारा 8 हजार रूपये में अन्यत्र व्यक्ति के पास कमीशन में ब्रिकी करना स्वीकार किया गया। संजीव जांगड़े के खाते में 1 करोड़ 30 लाख रूपये का लेन–देन होना पाया गया है। अन्य 22 खातों में 4 करोड़ रूपये का लेन–देन होना पाया गया है।



आरोपीगण संजीव जांगड़े पिता धनऊ राम उम्र 35 वर्ष साकिन बोदा थाना फास्टरपुर, ईश्वर सिंह घृतलहरे पिता स्व. महेतरू राम उम्र 47 वर्ष साकिन सेमरचुवा थाना फास्टरपुर, सेवकराम साहू पिता भुखउ राम उम्र 40 वर्ष साकिन चिखली थाना भोरमदेव जिला कबीरधाम के द्वारा कमीशन के लालच में कमीशन प्राप्त कर अपने बैंक खाते को साइबर फ्राड सिंडिकेट को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग धोखाधड़ी से प्राप्त रकम को ट्रासफर करने निकालने में किया जाता था। आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सबूत पाए जाने पर 21 मार्च को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय आदेश पर जेल दाखिल किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी है।

## पंकज के निलंबन मामले में तथ्य अन्वेषण समिति का गठन



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सह-प्रभारी जरिता लैतफलांग ने मरवाही में संगठनात्मक बैठक ली। सद्भावना भवन में आयोजित इस बैठक में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रमुख कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। बैठक में लैतफलांग ने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान किया। पेंड्रा नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी पंकज तिवारी के निष्कासन को उन्होंने पार्टी का आंतरिक मामला बताया। गौरतलब है कि नगरीय निकाय चुनाव में पेंड्रा नगर पालिका परिषद से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज तिवारी को निर्दलीय उम्मीदवार राकेश जालान से 199 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद से कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव और पंकज तिवारी के बीच मतभेद चल रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सह-प्रभारी जरिता लैतफलांग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने पंकज तिवारी के निलंबन मामले में तीन सदस्यीय तथ्य अन्वेषण समिति का गठन किया है। यह समिति तीन दिनों के भीतर जिले का दौरा कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।



## बाहरी राज्यों से आकर रहने वालों का थाने में रिकॉर्ड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

भारत के विशिष्ट पहचान पत्र आधार कार्ड को पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल किया जाता है परंतु इसकी सत्यता को प्रमाणित करना शासकीय विभागों के लिए खासकर पुलिस विभाग के लिए एक चुनौती है।

सरगांव के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगीकरण के कारण बड़ी संख्या में कल कारखाने लगाए जा रहे हैं, जिसमें काम करने वाले लोगों की संख्या में बड़ी संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। वे सभी आसपास के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में किराए के मकान में रह रहे हैं एवं उनके द्वारा अपने परिचय पत्र के रूप में आधार कार्ड को मकान मालिक तथा आसपास के शासकीय विभागों साथ साथ पुलिस विभाग में भी वेरीफिकेशन के रूप में दिखाया जाता है। परंतु आपको यह जानकर हैरानी होगी कि विभाग के पास व्यक्ति द्वारा दिए आधार कार्ड की जांच के लिए किसी भी प्रकार के शासकीय पोर्टल नहीं हैं। सैकड़ो, हजारों की संख्या में बाहरी राज्यों से आए लोग आसपास की फैक्ट्री के साथ आसपास के ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में छोटे-बड़े व्यवसाय कर रहे हैं, परंतु उनकी जानकारी पुलिस विभाग को स्थानीय लोगों की उदासीनता या लापरवाही के कारण नहीं मिल पाती जो क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं।

- उद्योगों में काम करने बाहर से आ रहे लोगों की थाने में उपलब्ध नहीं है जानकारी

#### मकान मालिक नहीं कराते किराएदारों का वेरीफिकेशन

क्षेत्र में किरायेदारों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई है, जिसके कारण स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में नए मकान बनाकर किराए पर देना प्रारंभ कर दिया है, परंतु पुलिस के लफड़े से बचने के लिए ज्यादातर मकान मालिक अपने किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराते और ना ही पुलिस को किराएदारों की सूचना देते हैं।

#### भेजी जाती है जानकारी

संदिग्ध व्यक्ति का आधार कार्ड या अन्य परिचय पत्र उसमें दिए हुए क्षेत्र के नजदीकी थानों में भेजा जाता है और प्रमाणित कराया जाता है कि दिया गया आधार कार्ड सही है या गलत।

- **सन्तोष शर्मा**, थाना प्रभारी सरगांव

### कांग्रेस के मीडिया प्रभारी बने नवनीत



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने शुक्र वार को विस्तारित बैठक के उपरांत नवनीत शुक्ला को जिला कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। अपनी नियुक्ति को लेकर नवनीत शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनश्याम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के भरोसे पर खरा उतने का पूर्ण प्रयास करेंगे और निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के नियमों का पालन करेंगे।

## बरेला नपा के उपाध्यक्ष बने शेख जैनुल

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में शपथ ग्रहण के एक दिन पश्चात शासन के निर्देशानुसार पीठासीन अधिकारी एसडीएम पार्वती पटेल, नायाब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव, पटवारी चंद्रभान जायसवाल, गौकरण डिंडोरे की उपस्थित में सीएमओ चंद्रभूषण बांधे ने उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु समस्त पार्षदों को विधिवत आमंत्रित किया। एसडीएम पार्वती पटेल ने समस्त पार्षदों को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में क्रमवार समझाया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नरेश पटेल द्वारा पार्षदों से चर्चा की गई तो विवेक बंटी सेमरिया एवं शेख जैनुल ने उपाध्यक्ष बनने हेतु अपनी इच्छा जाहिर की। इसके बाद पीठासीन अधिकारी पार्वती पटेल ने पार्षदों के समक्ष निर्वाचन प्रक्रिया कराया जिसमें सभी पार्षदों ने अपना मत किया। निर्वाचन के बाद शेख जैनुल को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया जिन्हें एसडीएम पार्वती पटेल ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। उपाध्यक्ष बनने के बाद शेख जैनुल ने कहा कि सभी समाज के लोगों के उत्थान की दिशा में कार्य करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्याय शेख जैनुल, पार्षद नितेश कुमार पटेल, देहुती पटेल, जया पटेल, हीरा लाल पटेल, मुन्नी पटेल, सुनीता दीवान, प्रदीप ध्रुवंशी, संजय ध्रुवंशी आदि मौजूद थे।



- ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा नगर का चहुंमुखी विकास : नरेश

### श्रीराम मंदिर में सोनार समाज का होली मिलन समारोह

## स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने पर दिया जोर




होली मिलन में सोनार समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सोनार समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्रीराम मंदिर शारदा हाल में सायं 7 बजे से होली मिलन का कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंचस्थ अतिथियों में विशेष रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सोनी, सोनार समाज के अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सोनी, सभापति अशोक सोनी, नवनिर्वाचित पार्षद दिलीप सोनी, पार्षद रोशन सोनी, ग्राम जमहा अरविंद सोनी विशेष रूप उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मंच संचालक राजेश सोनी ने सबसे पहले होली का सामाजिक परिप्रेक्ष्य में महत्व तथा रंगों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस व्यौहार का सांस्कृतिक, धार्मिक व वैज्ञानिक प्रभाव से परिचय कराया। पार्षद दिलीप सोनी, रोशन सोनी, अरविंद सोनी का सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने उद्बोधन में निः स्वार्थ सेवा भावना से अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने की बात कही। अनिल सोनी ने समाज में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। त्रिलोकी सोनी ने समाज में सक्रिय भागीदारी से अपना कर्तव्य करने को प्रेरित किया। अशोक सोनी नें इस कार्यक्रम को और भी विस्तृत और मध्यता पर जोर दिया। कार्यक्रम में सोनार समाज से रवि सोनी, दीनानाथ सोनी, राकेश सोनी, दीपक सोनी, विनय सोनी, सुनील सोनी, सूर्यकांत सोनी, संजय सोनी रामगढ़, अजय सोनी, सराफा व्यवसायी राजेश सोनी, संजय सोनी दाउपारा, सुधीर सोनी, अनीष सोनी, संजय सोनी गैस एजेंसी, मुकेश सोनी रामगढ़, अशोक सोनी, अनुराग सोनी, अमित सोनी, जगन्नाथ सोनी, नोबू सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश सोनी के द्वारा किया गया।

### ढोलक की थाप पर थिरकीं केशरवानी समाज की महिलाएं



स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में केशरवानी महिला समिति ने हर वर्ष की तह रंगपंचमी के अवसर पर फाग और गुलाल उड़ाते हुए ढोलक की थाप पर थिरकीं। मुंगेली- ग्राम कोना में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 21 मार्च को किया जाएगा। इस मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय शामिल होंगे। कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि किसान मेला में किसानों को खेती की नई तकनीकों, परम्परागत खेती और प्राकृतिक खेती के विषय में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उद्यान, पशु एवं मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने सभी किसानों को मेला में पहुंचकर विभागीय जानकारी प्राप्त करने की बात कही है।

### राधा कृष्ण दादी मंदिर में मनी रंग पंचमी



**करगीरोड कोटा।** राधा कृष्ण दादी मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर जमकर उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर नगर की मंडली ने विशेष आयोजन कर फाग, भजन-कीर्तन के साथ होली का आनंद लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में एकत्र होकर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति भी दी गई। ढोलक, मंजीरा और झांझ की मधुर ध्वनि पर धार्मिक भजनों का पारंपरिक गायन से कार्यक्रम मनोरंजक बना रहा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नेम महराज ने सभी का आभार व्यक्त किया।